जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 17 अगस्त, 2023



# NPO

## NEW PRODUCT OFFER

## सिर्फ 15 दिन में बंद हो रहा है।

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप कीमत (लाख में) | NPO New Product Offer आज की रेट | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

सौन्दर्य से नारी अभिमानी बनती है, उत्तम गुणों से उसकी प्रशंसा होती है और लज्जाशील होकर वह देवी बन जाती है। –शेक्सपियर

# बालिकाओं के प्रति घटित वीभत्स कांडों से समाज से नैतिकता व मनुष्यता तिरोहित प्राय:

राजस्थान प्रदेश में क्या हो रहा है, पुरुष के एक वर्ग ने क्या सामूहिक निर्णय ले लिया है कि स्त्री वर्ग को समूल मिटा कर दम लेंगे? ज्ञात रहे, ऐसे प्रकरणों पर शासन और प्रशासन सदैव निष्क्रिय और मूक रहे हैं। यह स्तिथि अभी लम्बे समय तक विध्यमान रहने की सम्भावना है जब तक त्वरित और कठोर सजा का खौफ सदैव न बना रहे । और सजा का ऐसा खौफ तब तक नहीं रहेगा जब तक देश में पार्टी सिस्टम डेमोक्रेसी विद्यमान रहेगी अथवा स्त्री वर्ग बालक के जन्म के समय ही उसका जीवन समाप्त न कर दे। बालिका को बचाने के लिए स्त्री वर्ग को अपनी प्रजाति के संरक्षण के लिए ऐसे काम को कभी न कभी अंजाम देना ही पड़ेगा।

सजा का खौफ तो हमारी सरकारे पैदा नहीं कर सकेंगी, क्योंकि इस खौफ के लिए छप्पन इंच का सीना नहीं अपितु छप्पन गुना मनोबल चाहिए स्त्री सुरक्षा और शांति के शासन के लिए। अभी कुछ समय पहले ही हमारे अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देश के प्रधान मंत्री को एक विडिओ में यह कहते सुना कि वे उपद्रविओं पर कभी गोली चलाने का आदेश नहीं देंगे, भले ही उन्हें खुद मरना पड़े। मेरे विचार से उन्हें इस सोच के रहते बिना समय गवाए दिल्ली की गद्दी छोड़ कहीं हिमालय में जाकर तपस्या में लींन हो जाना चाहिए, ताकि कोई अन्य इस देश की जनता के मन से विध्यमान खौफ को निष्काषित कर प्रजा को भय मुक्त वातावरण सुलभ करा सके।

पता नहीं उन्होंने यह पद क्यों चुना? वैसे तो अपने को रामभक्त प्रदर्शित करते हैं लेकिन राम चरित से उन्होंने कोई सबक नहीं सीखा। रामचरित मानस में महात्मा तुलसीदास ने 'भय बिन होय न प्रीत..' की एक चौपाई सुंदर कांड में लिखी है :– जब श्रीराम के सभी विनय, प्रार्थना आदि कर्म प्रभावहीन रहे और उन्हें सागर पार जाने का कोई रास्ता मिलता न दिखा : तब,

**''विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीति,**
**बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।''**

और उन्होंने धनुष पर बाण चढ़ा कर संधान करना ही चाहा कि तुरंत समाधान प्रस्तुत हो गया। तात्पर्य यह है कि शासन करने के लिए कठोरता आवश्यक होती है। सदैव यदि आप विनम्रता ही प्रदर्शित करेंगे, फिर तो फौज को हथियारबंद होने की भी जरुरत ही नहीं, भाई चारे और विनम्रता से ही सभी प्रकार के विवाद सुलझ सकते है तो सुलझाइये और सभी फ़ौजिओं को घर भेज दीजिये, कम से कम उनकी जान तो जोखिम से बचेगी और देश का खर्च भी बचेगा और जनता पर टैक्स भी कम हो जायेगा।

देश में पुलिस से बन्दूक पहले की सरकारों ने छीन ली और अब जहाँ बंदूकें चलती हों वहां हमारे पुलिस वाले एक छोटा डंडा (लाठी भी नहीं) लेकर व्यवस्था सभालते दीखते हैं, भले ही उपद्रवी उन्हें गोली मार दे क्योंकि उन्हें गोली से मरने की ही तन्खा सरकार देती है जैसे। उनके कोई घरवार, परिवार नहीं हो और उनकी जान की कोई कीमत नहीं हो? अभी हरियाणा के नूह कस्बे में हिंसा भड़क गयी वहां डंडा धारी पुलिस ही विडिओ में दिखी। और अब ख़बरें आ रही हैं कि हिन्दू औरतों के साथ बलात्कार भी हुआ। याद रहे राजस्थान प्रदेश के हरियाणा के समीपवर्ती क्षेत्र अलवर आदि जिले भी संवेदनशील हैं।

**महिला राष्ट्रपति, महिला आयोग, महिला अधिवक्ता, जज, इत्यादि न जाने कितने पद सम्बंधित क्षेत्रों के विधायक सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। महिलाओं के लिए कोई बोलने वाला दीखता नहीं। महिलाओं के लिए अनेक पद सरकारी विभागों में सृजित किये गए हैं। फिर भी प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं की दुर्दशा?**

बड़े अफ़सोस के साथ लिखना पड़ रहा है कि राजस्थान में समाज विवेकहीन, उद्दंड और असामाजिक हो चुका है अनुशासनहीनता चरम पर है। महिलाओं व् छोटी बालिकाओं पर ऐसे हमले हो रहे हैं जिन्हें सुनकर रूह काँप जाती है। उदाहरण के लिए मैं यहाँ केवल अभी घटित एक जघन्य घटना का ही जिक्र कर रहा हूँ। प्रदेश के भीलवाड़ा जिले के कोटड़ा में एक नाबालिक बालिका को संभवत: बलात्कार कर मार दिया और फिर उसके शरीर के टुकड़े कर भट्टी में जला दिए। संयोग से शरीर का एक हिस्सा किसी प्रकार बच गया, जिससे अपराध की पुष्टि हो पाई। अब आगे पुलिस कुछ कार्यवाही कर रही होगी? ऐसा सदैव होता है।

बड़े ही आश्चर्य की बात है राज्य के मुख्यमंत्री व् अन्य सम्बंधित मंत्री और पुलिस को कोई सरोकार नहीं कि प्रदेश में प्रशासन इतना असंवेदनशील, निष्क्रिय और आम जनता खासकर बालिकाओं व् महिलाओं के प्रति पूर्ण रूप से उदासीन क्यों बन गया है? कुछ भी कारण हो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से राज्य के मुख्य मंत्री ही इस तरह के आपराधिक वातावरण के लिए जिम्मेदार हैं। मुझे याद है कि काफी पहले केवल एक अफसर श्री शेषन अकेले उस समय चुनाव आयुक्त ने ऐसी नकेल डाली थी कि सभी जनप्रतिनिधि लाइन में आ गए थे।

अभी भी राजस्थान के उत्तरी और दक्षिणी भागों में महिलाओं के विरुद्ध सर्वाधिक अपराध रिपोर्ट हो रहे हैं। ऐसा क्यों? महिला राष्ट्रपति, महिला आयोग, महिला अधिवक्ता, जज, इत्यादि न जाने कितने पद सम्बंधित क्षेत्रों के विधायक सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। महिलाओं के लिए कोई बोलने वाला दीखता नहीं। महिलाओं के लिए अनेक पद सरकारी विभागों में सृजित किये गए हैं। फिर भी प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं की दुर्दशा? मेरा निष्कर्ष इस सम्बन्ध में यह है कि ये सब प्रावधान महिला वर्ग के वोट लेने के लिए ही किये गए हैं न तो अन्य कोई प्रयोजन और न किसी अन्य कार्य में इस वर्ग की कोई पूछ?

राज्य सरकार की ऐसी स्तिथिओं में नाकाबिलियत का एक और उदाहरण मुख्य मंत्री ने प्रदेश की जनता को दिखा दिया और वह यह कि विधान सभा में उनके ही एक मंत्री ने मणिपुर की घटनाओं पर चर्चा के दौरान खड़े होकर यह कह दिया कि 'मणिपुर से पहले हम अपने घर (प्रदेश) की तरफ भी विचार करें तो उत्तम होगा।' इस बात पर मुख्य मंत्री इतने नाराज़ हो गये कि उन्होंने उक्त मंत्री को मंत्री पद से ही बर्खास्त कर दिया। मंत्री अपने स्थान पर बिलकुल सही था लेकिन मुख्य मंत्री लोकतंत्र की दुहाई देते हुए भी तानाशाही कार्य कर बैठे। निश्चित रूप से उनका यह कार्य कोई भी विवेकशील व्यक्ति उचित नहीं ठहराएगा। मुख्यमंत्री की अखबारी सलोनी छवि धूमिल हो गई। यह ऐसा मसला नहीं था जिसे मुख्यमंत्री उसी समय सम्बंधित मन्त्री को कहकर मणिपुर के मुद्दे के पश्चात् सम्वाद करवा लेते। खैर, यह उनका मामला है दो व्यक्तिओं के बीच का। लेकिन मेरा तो यह मत है कि इसका सन्देश अगले चुनाव तक रहने वाला है।

पूर्व में मैं अनेक सम्पादकीय लेख इसी अखबार में छपा चुका हूँ। जिनमे एक–दो में मैंने बलात्कार के मामले में सजा के तौर पर बधिया करने की सलाह भी दी थी। उससे पूर्व मद्रास हाई कोर्ट के एक जज ने भी बधियाकरण की सजा का प्रस्ताव दिया था। ऐसे प्रस्ताव या तो सुप्रीम कोर्ट अथवा लोक सभा संज्ञान ले लेकिन उन्हें ऐसे मामलों पर विचार करने का समय ही नहीं है। और बलात्कार से पीड़ित बालिका के वास्ते और महिला जजों और महिला आयोग के लिए यह कोई प्रमुख मुद्दा नहीं। पता नहीं इस प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कभी कोई सम्वेदनशील व्यक्ति आएगा जो समाज से इस दूषण को साफ़ कर सके ?

यह लेख मैं केवल जनता और सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत लोगों के लिए लिख रहा हूँ। स्त्री वर्ग भी इस मुद्दे पर संवेदन शील बने तभी निराकरण कुछ संभव होगा। सरकार और राजनीतिज्ञों से कोई आशा नहीं उनका काम तो सिर्फ वोट तक ही सीमित रहता है। राज्य में शायद महिला आयोग भी कार्यशील है उसे मैं समाप्त करने की अनुशंसा करता हूँ। ऐसे सफ़ेद हाथी अनेक हैं जो जनता के टैक्स से अर्जित धन पर मुख्य मंत्री के संरक्षण में डाका डाल रहे हैं। अगले लेख में मैं इन मुद्दों पर लेख लिखूंगा जो जनता पर अनावश्यक टेक्सों का बोझा बने हुए हैं।

विद्वान लेखक भी, इन सब की लिस्ट अभी बनाना शुरू कर दें। जनता भी अभी से सजग होकर आने वाले प्रत्याशी से उन सभी फ़िज़ूल पद और विभागों को बंद कराने अथवा समाप्त कराने का शपथ पत्र भरवा ले। अवसर आने पर उनका उपयोग किया जा सकेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर–राज. )**

# किशनगढ़ बास में पेयजल व्यवस्था बिगड़ने से लोगों में आक्रोश

## उपभोक्ता स्वयं के पैसे पर पानी के टैंकर मंगवाकर पानी पी रहे हैं



बाजार से टैंकर मंगा कर पाइप से घर की टंकी को भरते लोग।

- कहीं एक दिन छोड़कर आ रहा है पानी तो कहीं चार दिन में एक दिन हो रही है कटौती
- 'वार्ड नंबर एक की शारदा कॉलोनी और मुख्य बाजार में पानी की समस्या बनी हुई है। जल्दी ही ट्यूबेल कराकर पानी की समस्या को ठीक कराया जाएगा'

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। नवगठित खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास की नगर पालिका क्षेत्र में जनता जल अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी आमजन के प्रति कितने सजग हैं यह शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को देखकर लगाया जा सकता है। नगर पालिका क्षेत्र में कुछ ऐसे भी भाग हैं जहां एक साल से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। यही नहीं पूरे शहर में पानी को लेकर हालात खराब है। विभाग अलग–अलग जोन बनाकर तीन से चार दिन में एक बार पानी की सप्लाई को काटकर शहर में पानी की आपूर्ति कर रहा है। यह बात अधिकारियों को भी मालूम है और वार्ड पार्षदों से लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विधायक को पता है कि शहर में अनेकों लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। यह भी मालूम है कि उपभोक्ता स्वयं के पैसे पर पानी के टैंकर मंगाकर पानी पी रहे हैं। फिर भी सबके सब चुप हैं कोई नहीं बोल रहा है।

भाजपा के नेता एवं पार्षद आवाज उठाते हैं तो अधिकारी सुनवाई नहीं करते। वार्ड 11 के मैन बाजार में करीब 1 साल से पानी की समस्या बनी है। ऐसी ही समस्या खैरथल रोड माहवर भवन के सामने वार्ड नंबर 1 में बनी है। दोनों ही वार्ड में भाजपा के पार्षद हैं। इसी प्रकार पुराना बाजार हनुमान मंदिर के पीछे लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। राजेश जांगिड़, एडवोकेट सुनील जैन, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोज व्यास, डॉ. गोस्वामी सोनू जगदीश मित्तल जैसे अनेकों उपभोक्ता है जो एक साल से पानी को लेकर चिल्ला रहे हैं, पर इनकी कोई नहीं सुन रहा है। यह लोग बताते हैं पानी नहीं पहुंच रहा है और ऊपर से बिल भेजे दिए जाते हैं। विभाग ने मीटर लगाए हुए हैं लेकिन कोई रीडिंग लेने नहीं आता है। मनमर्जी से विभाग रीडिंग दर्ज कर बिल भेज रहा है। बिल भी 3 से 6 महीने में दिए जा रहे हैं जो उपभोक्ताओं के लिए परेशानी बने हुए हैं।

डॉक्टर गोस्वामी ने बताया कि पानी के लिए 3:30 बजे से उठ कर बैठ जाते हैं। चार बजे पानी आता है। फिर लाइट जाने पर दो बाल्टी पानी आता है वह भी कई बार बिल्कुल ही नहीं आता है। बिना लाइट के पानी में प्रेशर ही नहीं होता है। पैसा देकर पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं और बिल हजारों लीटर पानी का आ रहा है।

एडवोकेट सुनील जैन ने बताया कि वाटर सप्लाई की सूचना का आदान प्रदान करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। ग्रुप में प्रतिदिन पानी की सप्लाई को लेकर लिखता हूं लेकिन ना तो कोई समस्या पूछने आता है और ना कोई आकर देखता है।

इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्र के गांव बास कृपाल नगर में लोग पानी को लेकर तरस रहे हैं। बास कृपाल नगर के पूर्व पार्षद पंकज गुप्ता और मनोज सोनी ने बताया कि एक दिन छोड़कर एक दिन पानी आ रहा है। यही बात बास कृपाल नगर मुख्य श्याम मंदिर गेट के समीप कॉलोनी की महिलाएं बताती है कि पानी एक दिन छोड़कर आ रहा है। यह समस्या आज की नहीं कई महीनों से चली आ रही है। कई बार शिकायत की गई पर कोई सुनता ही नहीं है।

जल अभियंत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा का मानना है कि वार्ड नंबर एक की शारदा कॉलोनी और मुख्य बाजार में पानी की समस्या बनी हुई है। जल्दी ही ट्यूबेल कराकर पानी की समस्या को ठीक कराया जाएगा। मुख्य बाजार में पानी की समस्या को देखते हुए पुलिस थाने के सामने ट्यूबवेल कराया गया है जल्द ही बाजार की लाइन से जोड़ दिया जाएगा। शारदा कॉलोनी की समस्या को भी जल्द ही दूर कराया जाएगा। कर्मचारी द्वारा गड़बड़ किए जाने की शिकायत सामने आई थी जांच कराई गई लेकिन ऐसी कोई बात सामने नहीं आई जिससे कि कर्मचारी की वजह से पानी की समस्या बनी हुई हो।

# उत्कर्ष क्लासेज़ के ''आज़ादी महोत्सव ऑफर'' का आज अंतिम दिन

## 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेज़ पर छूट दी जा रही है


डॉ. निर्मल गहलोत

- सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है
- 'देश की आजादी की 76वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा पांच दिवसीय आजादी महोत्सव ऑफर की घोषणा की गई थी'

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा अपने सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर रखे गए आजादी महोत्सव ऑफर का आज अंतिम दिन है। इस ऑफर के तहत उत्कर्ष एप में उपलब्ध 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 13 अगस्त से 17 अगस्त तक विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है।

उत्कर्ष क्लासेस के फाउंडर एंड सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि देश की आजादी की 76वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा पाँच दिवसीय आजादी महोत्सव ऑफर की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत उत्कर्ष एप में उपलब्ध विभिन्न केंद्र एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित प्रवेश परीक्षाओं तथा स्कूली ट्यूशन कक्षाओं के ऑनलाइन कोर्सेस पर भारी छूट दी जा रही है। देश के विभिन्न राज्यों के अनेक विद्यार्थी इस ऑफर के तहत तैयारी हेतु अपने पसंदीदा ऑनलाइन कोर्स प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट उन विद्यार्थियों को दी जा रही है जो उत्कर्ष एप से कोई भी कोर्स/ टेस्ट/ पुस्तक प्राप्त कर एक्टिव यूजर है।

गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीएससी, एमपीपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त विभिन्न राज्यों के राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट–जेईई, क्लेट, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड की कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर 17 अगस्त तक यह डिस्काउंट ऑफर उपलब्ध है। इसके साथ ही उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस ई–मित्र या आरकेसीएल अथवा सीएससी से प्राप्त करने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाती है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में गर्मी से बालिका अचेत हुई, मौके पर एम्बुलेन्स की व्यवस्था नहीं थी

- आसपास खड़े लोगों ने मुंह पर पानी डालकर होश में लाने का प्रयास किया लेकिन बच्ची अचेत ही रही


**सायला,** (निसं)। जालोर जिले में सायला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ। वहीं स्वतंत्रता दिवस के दिन दो ऐसी घटनाएं हुई जिससे इस राष्ट्रीय पर्व के उत्सव में ग्रामीणों का उत्साह एवं जोश कम हो गया। पहली घटना में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का असंवेदनशील चेहरा नजर आया, जबकि दूसरी घटना करीबन 50 वर्षों से आयोजित होने वाले वॉलीबॉल के मैत्री मैच की परम्परा टूटने से संबंधित है।

सायला के खेल मैदान में उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने के लिए मंच पर एवं नागरिकों के बैठने के लिए मंच के दाएं एवं बाएं और पांडाल में कुर्सियों की व्यवस्था की गई। लेकिन नागरिकों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से अधिकांश ग्रामीण कड़ी धूप में मंच के सामने खड़े नजर आए। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों के बैठने के लिए छाया आदि की व्यवस्था नहीं की गई। इस दौरान कार्यक्रम देखने आई एक बालिका गर्मी के कारण अचेत हो गई। जिसे आसपास खड़े लोगों ने मुंह पर पानी डालकर होश में लाने का प्रयास किया लेकिन बच्ची अचेत ही रही। इसके बाद बच्ची को उसके रिश्तेदार एवं लोग उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन उपखण्ड स्तरीय समारोह में पूर्व निर्देश होने के बावजूद मौके पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेन्स की व्यवस्था नहीं थी एवं एम्बुलेंस नदारद थी। हालांकि मंच से अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि राष्ट्रवाद एवं व्यक्तिवाद का अंतर बताते हुए लम्बे चौडे भाषण के बाद अपनी कुर्सी पर जाकर बैठ गए। उस मंच पर उपखण्ड अधिकारी ताराचन्द वेंकट, तहसीलदार कौशल्या जांगिड़, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा, बीसीएमओ डॉ. रघुनन्दन बिश्नोई, थानाप्रभारी बाबुलाल, प्रधान ढोमीदेवी, डॉ. दरगाराम चौधरी, सीबीईओ भंवरलाल परमार समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि बैठे हुए थे। जो अपने–अपने वाहनों की सहायता से समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। लेकिन किसी ने भी उस अचेत बालिका के जीवन का मूल्य नही समझा। हालांकि बाद में एम्बुलेंस के अभाव में एम्बुलेंस चालक किशनसिंह द्वारा अचेत बालिका को एक प्राईवेट कार से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद आगे रेफर किया गया। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर लभगभ 50 वर्षों से प्रतिवर्ष राउमावि सायला के प्रांगण में ग्रामीण एवं प्रशासन के बीच वॉलीबॉल का मैत्री मैच आयोजित होता है, लेकिन इस वर्ष जिम्मेदारों की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण यह वर्षों पुरानी परंपरा टूट गई। दरअसल 8 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर तहसीलदार कौशल्या जांगिड की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में बैठक का आयोजन हुआ था। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों हेतु प्रभारियों की नियुक्ति कर जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। उक्त बैठक में ग्रामीण एवं प्रशासन के बीच वॉलीबॉल का मैत्री मैच राउमावि सायला के प्रांगण में दोपहर चार बजे आयोजित करने का निर्णय लिया था। जिसकी जिम्मेदारी व्याख्याता महेन्द्र जीनगर की उपस्थिति में राउमावि सायला को सौंपी गई थी। लेकिन स्वतंत्रता दिवस के दिन वॉलीबॉल का मैत्री मैच निर्धारित खेल स्थल राउमावि सायला के प्रांगण में करवाने की बजाय बैठक में लिए गए निर्णय की अवहेलना करते हुए राउमावि के खेल मैदान में आयोजित करवाने की घोषणा मुख्य समारोह में संस्थाप्रधान द्वारा करवाई गई। इसके बावजूद दोपहर 4 बजे तक खेल मैदान में वॉलीबॉल का मैदान तैयार नहीं करवाया गया। हालांकि साढे चार बजे के बाद मैदान में नेट तो लगाई गई लेकिन लाइनिंग समेत अन्य व्यवस्था नहीं होने एवं जिम्मेदारों की अनुपस्थिति में मैत्री मैच का निरस्त किया गया। हरीराम खिलाड़ी प्रशासन टीम का कहना था कि मैं निर्धारित समय पर राउमावि सायला के प्रांगण में मैत्री मैच के लिए गया था। लेकिन वहां मैदान तैयार नहीं होने से खेल मैदान आ गया। यहां भी साढे चार बजे तक मैदान तैयार नहीं था। हालांकि इसके बाद नेट लगाई गई लेकिन लाइनिंग आदि नहीं होने से मैत्री मैच नहीं हो पाया।

डूंगरसिंह देवड़ा, खिलाड़ी ग्रामीण टीम ने बताया कि प्रतिवर्ष वॉलीबॉल का मैत्रीमैच आयोजित होता है, लेकिन संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में लगे वॉलीबॉल के पोल उखाड़ दिए गए। वहीं खेल मैदान में भी मैत्री मैच के आयोजन के लिए कोई व्यवस्था एवं तैयारी नही की गई थी। जिसके चलते वर्षों पुरानी मैत्रीमैच की परंपरा टूट गई।

लहरीराम, प्रधानाचार्य राउमावि सायला का कहना है कि वॉलीबॉल के मैत्र मैच आयोजन हेतु मैदान तैयार करने एवं अन्य व्यवस्था के लिए विद्यालय के स्टाफ को निर्देश दिए थे, लेकिन उन्होंने मैदान को तैयार नहीं करवाया। जिसकी गलती हम मानते हैं।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 17 अगस्त, 2023

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, प्रतिपदात तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, मघा नक्षत्र सांय 7:58 तक, परिद्व योग सांय 7:29 तक, बव करण सांय 5:36 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–सिंह, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज भाद्रपद संक्रांति, सूर्य का मघा सिंह में प्रवेश दिन 1:32 पर होगा। पुण्य काल प्रात: 7:08 से आरम्भ होगा। आज मनसा पूजा समाप्त होगी।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:40 तक, चर 10:54 से 12:31 तक, लाभ–अमृत 12:31 से 3:45 तक, शुभ 5:22 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:03, सूर्यास्त 6:59

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। कानूनी मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मीन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 16 प्रभात जयपुर, गुरुवार 17 अगस्त, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



The Stars have finally Aligned for India's Satellite Launch Industry

The stars started to align when the country's Department of Space released a draft of its New Spacecom Policy.

Tips For Skin Protection!

Sunny days brings hot weather and outdoor fun—but also potential damage to our skin.



*ऑस्ट्रेलिअन एल्प्स में, बाहर से लाए गए जंगली घोड़े ऐसा खतरा बनते जा रहे हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया की कई संकटग्रस्त प्रजातियाँ विलुप्त हो सकती हैं। बड़े आकार और मजबूत खुर वाले ये जानवर ऐसे पर्यावरण में अपना कब्जा जमाए हुए हैं जो इनके जैसी प्रजातियों के बिना विकसित हुआ है। थ्रैटैन्ड स्पीशीज़ साइन्टिफिक कमेटी (टी.एस.एस.सी.) ने इस देश की सरकार से अपील की है कि, इन घोड़ों के कारण यहाँ के संवेदनशील एल्पाइन इकोसिस्टम को जो क्षति हुई है उस पर ध्यान दिया जाए और तुरंत कार्यवाही की जाए। कमेटी का कहना है कि, ये जंगली घोड़े ऑस्ट्रेलिया के गंभीर रुप से संकटग्रस्त, कम से कम छः जानवरों और कम से कम दो गंभीर रुप से संकटग्रस्त पौधों की विलुप्ति का कारण हो सकते हैं। घोड़ों द्वारा चराई के कारण यहाँ के कई देशी पौधे संकटग्रस्त हैं। इसके अलावा ये वनस्पति और जलस्रोतों को कुचलकर नष्ट कर रहे हैं। कमेटी के अनुसार तीन तरह के मेंढक, चार तरह की मछलियाँ, चार रैप्टाइल और एक स्तनपायी जानवर इन घोड़ों के कारण खतरे में है, जिनमें से छः गंभीर रुप से संकटग्रस्त हैं। कमेटी के सदस्य, प्रोफेसर क्रिस जॉनसन ने कहा, ''ये घोड़े यहाँ के हैबिटैट को इस तरह से बिगाड़ रहे हैं कि, कुछ प्रजातियों की संपूर्ण आबादी खतरे में है।'' गंभीर रुप से संकटग्रस्त प्रजातियों में एक है, नई खोजी गईं छोटी मछलियाँ, स्टॉकी गैलैक्सीज़। एक और प्रजाति है, ब्रॉड टूद्ड रैट, जो कि जंगली घोड़ों के प्रभाव के कारण ''अतिसंवेदनशील'' से अब ''संकटग्रस्त'' वर्ग में आ गया है। सरकारी सर्वे भी बताते हैं कि जंगली घोड़ों की संख्या बढ़ती जा रही है।*

# ममता बनर्जी ने भावी प्रधानमंत्री के रूप में स्वयं का नाम चलाया

## तृणमूल कांग्रेस के कार्यक्रमों में वे अपने समर्थकों से खुद को भावी प्रधानमंत्री कहलवा रही हैं

- **कोलकाता में जगह-जगह ममता बनर्जी को भावी प्रधानमंत्री बताने वाले पोस्टर भी नज़र आने लगे हैं।**
- **असल में राहुल गांधी के निरंतर बढ़ते कद से ममता बनर्जी असुरक्षित महसूस करने लगी हैं विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' से भावी प्रधानमंत्री के रूप में सबसे पहले राहुल गांधी का ही नाम आता है और ममता बनर्जी का नाम तो नीतीश कुमार से भी काफी बाद में आता है।**

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। आशा हमेशा मनुष्य के दिमाग में रहती है और अब वह ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के कुछ नेताओं में जगी है।

तृणमूल कांग्रेस के एक सम्मेलन में पार्टी के सदस्यों ने ममता बनर्जी को भारत की अगली प्रधानमंत्री कहना शुरु कर दिया है। पार्टी के एक प्रवक्ता ने आम जनता को चुनौती दी है कि प्रधानमंत्री के लिए कोई ज्यादा उपयुक्त व्यक्ति हो तो बताएं।

तृणमूल के एक अन्य नेता ने दावा किया है कि बंगाल के लोग एक स्वर में ममता बनर्जी को भारत की अगली प्रधानमंत्री मान रहे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अभी यह पूरी प्रक्रिया कितने कदम दूर है।

कोलकाता में जगह-जगह पोस्टर लगने लग गए हैं जिनमें ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री दिखाया गया है।

ममता बनर्जी एक चतुर राजनेता हैं और उन्हें यह समझने में देर नहीं लगी कि कर्नाटक चुनाव जीत के बाद राहुल गांधी के कांग्रेस के नए नेता के रूप में उभरने के बाद उनके लिए कोई मौका नहीं है।

राष्ट्रीय स्तर पर जब इंडिया गठबंधन की बात होती है तो पहला नाम और चेहरा राहुल गांधी का होता है। ममता बनर्जी का नाम बहुत नीचे, बचे-खुचे नामों के साथ आता है। विपक्षी गठबंधन की सूची में ममता का नाम बिहार के नीतीश कुमार से काफी नीचे आता है। ममता बनर्जी एक दिन देश की प्रधानमंत्री बनने की आस लगाए बैठी हैं। उन्होंने पिछले आम चुनाव में भी अपना दावा पेश किया था जब उन्होंने विपक्षी खेमों के नेताओं में सर्वाधिक स्वीकार्य होने का दिखावा किया था।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने ममता बनर्जी को ज्यादा तूल नहीं दिया है और वे इससे व्याकुल नज़र आती है। वे किसी से पीछे नहीं रह सकतीं।

ऐसे में अगले आम चुनाव में उनका दांव बहुत भारी है। उन्हें ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा सकता क्योंकि बंगाल के बाहर उनकी कोई हैसियत नहीं है, मगर वे राज्य में सभी 40 सीटें जीतने का दावा कर रही है।

लेकिन दुर्भाग्य से वे संसद की सभी सीटें आसानी से जीतने के लिए आश्वस्त नहीं हैं। राज्य की विपक्षी पार्टियां अपत्यक्ष रूप से ममता बनर्जी का हराने के लिए अपनी गतिविधियों का समन्वय कर रही है।

इसका कारण यह है कि बंगाल में विपक्षी दलों का तृणमूल कांग्रेस के साथ अनुभव कटु रहा है। तृणमूल के विपक्षी पार्टियों के साथ दुर्व्यवहार किया है जिससे उनकी पार्टी अलग-थलग पड़ गई है।

# दो प्रमुख राजनैतिक ताकतें दिल्ली में विधानसभा चुनावों की रणनीति बनाने में जुटीं

## भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना पर चर्चा हुई

- **बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन की मुम्बई में होने वाली बैठक के संदर्भ में केजरीवाल व अन्य नेताओं से चर्चा करने दिल्ली आए।**
- **सूत्रों का कहना है कि, इंडिया गठबंधन राजस्थान, मध्य प्रदेश, व छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने एक साझा प्रत्याशी उतारने की रणनीति पर भी विचार कर रहा है।**

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। देश की दो राजनैतिक ताकतें राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा तेलंगाना के हाल ही में होने वाले विधानसभा चुनावों के तात्कालिक एवं महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करने के लिए अपनी-अपनी रणनीतियाँ तैयार कर रही हैं।

भाजपा की सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी की मीटिंग आज शाम को होनी है जिसमें अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। मीटिंग में उक्त राज्यों के विधानसभा चुनावों, जिन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले का सेमीफाइनल मैच माना जा रहा है, के लिए प्रचार की योजना पर चर्चा होगी।

एक दिन के लिये राष्ट्रीय राजधानी में आये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से भेंट करने से पहले, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पाँचवी बरसी के अवसर पर, उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। देर शाम को, नीतीश कुमार, जिन्होंने गैर-भाजपा दलों के गठबंधन के गठन के मामले में पहल की थी, विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य नेताओं से मिलेंगे। ऐसी संभावना है कि 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर को मुम्बई में होने वाली इंडिया की तीसरी मीटिंग में, गठबंधन पार्टनर एक समन्वय समिति का गठन एवं एक संयोजक की नियुक्ति कर दी जाएगी। लेकिन सूत्रों ने कहा कि संयोजक की भूमिका के लिये कुमार के नाम पर मतैक्य नहीं है। सूत्रों ने कहा कि यह भी संभव है कि कई क्षेत्रीय समन्वयक (रीजनल को-ओर्डिनेटर) बना दिये जायें तथा उन्हें भौगोलिक दृष्टि से अलग-अलग क्षेत्रों का विशिष्ट प्रभार दे दिया जाये, जैसे पूर्व के लिये ममता बनर्जी, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के लिये नीतीश कुमार तथा इसी प्रकार अन्य क्षेत्रीय समन्वयकों की नियुक्ति कर दी जाये।

ऐसी संभावना है कि इस दिल्ली-यात्रा के दौरान, ''इंडिया'' के नेताओं के साथ होने वाली उनकी मीटिंगों में, कुमार आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ विपक्ष का एक ही उम्मीदवार खड़ा किये जाने की योजना पर जोर दें। सूत्रों ने कहा, ''राज्यों के विधानसभा चुनावों में इस विचार को पूरी तरह लागू करना मुश्किल होगा क्योंकि राज्यों में कई दल एवं उनके उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत करना चाहेंगे, लेकिन इन चुनावों में इस विचार

(शेष पृष्ठ 4 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# दक्षिण भारत में आंध्र में ही कुछ उम्मीद बची है भाजपा के लिए

## तेलुगु देशम और पवन कल्याण की पार्टी के साथ मिलकर भाजपा आंध्र में सत्तारूढ़ होने की कोशिश कर रही है

- **लेकिन तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में भाजपा की कहीं कोई पूछ नहीं है।**
- **सबसे बुरी हालत तेलंगाना में है, जहां सत्तारूढ़ पार्टी बी.आर.एस. का साथ भी भाजपा को बिखरने से नहीं रोक पा रहा है। भाजपा के नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।**
- **कर्नाटक की जीत से उत्साहित कांग्रेस ने तेलंगाना की जिम्मवारी डी.के. शिवकुमार को सौंपी है, जो तेलंगाना में पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करेंगे।**
- **केरल व तमिलनाडु में द्रमुक और वाम मोर्चा ने भाजपा को जबर्दस्त टक्कर दी है, यहां भाजपा का ज्यादा प्रभाव भी नहीं है।**

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। दक्षिण भारत में जो मुद्दे चल रहे हैं और जमीनी स्तर पर जो संकेत मिल रहे हैं उनसे ऐसा लगता है कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ सकती है।

5 में से चार राज्यों में तो भाजपा 2024 के आम चुनाव में हाशिए पर रह सकती है। ये चार राज्य हैं, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना।

सबसे कड़ा मुकाबला केरल में है, जहां मोर्चा सरकार ने एन.सी.ई.आर.टी. के गुजरात दंगों, महात्मा गांधी के हत्या से संबंधित अध्याय पढ़ाने का निर्णय लिया है जबकि केन्द्र सरकार ने ये सभी अध्याय हटा दिए हैं। केरल की वाम मोर्चा सरकार ने केन्द्र सरकार के इस फैसले को शिक्षा के भगवाकरण की संज्ञा दी और वह इससे संघर्ष करने पर आमादा है। केरल का शिक्षा विभाग स्कूल की किताबों को पुनः छपवाएगा और उससे गुजरात दंगे और महात्मा गांधी के अध्याय पुनः जोड़ेगा।

संयोगवश यह मुद्दा केरल में जोर पकड़ रहा है, जो कि देश का सर्वाधिक साक्षर राज्य है और जिसने भाजपा और संघ परिवार द्वारा अपना दबदबा बढ़ाने के उपायों के सामने मजबूत अवरोध खड़ा किया है। अभी तक भी भाजपा केरल से एक भी सीट नहीं जीत पाई है। और राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनावों में भी ऐसी कोई उम्मीद नहीं। यहां चुनाव माकपा नीत वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच ही लड़ा जाएगा, जो 20 सीटों पर मित्रता पूर्ण संघर्ष करेगी क्योंकि दोनों ही दल

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# सुप्रीम कोर्ट में देह व्यापार, वैश्या जैसे शब्द प्रतिबंधित

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने अपने जजों को अनजाने में आम उपयोग के शब्द काम में लेकर लैंगिक पूर्वाग्रह बढ़ाने के खिलाफ संवदनशील बनाने के लिए एक नवीनतम हैंडबुक जारी की है उसमें ''प्रॉस्टीट्यूट, हुकर, होर, कीप, मिस्ट्रेस, स्लट (महिलाओं के लिए प्रयुक्त होने वाले अपमानजनक शब्द) जैसे करीब 40 शब्दों पर रोक लगा दी है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने नई हैंड बुक जारी की है जिसमें महिलाओं से संबंधित 40 शब्दों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें हाउस वाइफ शब्द भी शामिल है। इसके स्थान पर अब होम मेकर शब्द प्रयुक्त होगा।**

यह हैंडबुक न्यायपालिका में लैगिंक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा ही नहीं बल्कि क्रांतिकारी कदम है जो कोर्ट के आदेशों और विधिक दस्तावेजों में प्रचलित रूढ़िबद्ध भाषा से मुक्ति दिलवाने में

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 16 अगस्त (निसं)। कोटा में एक और कोचिंग छात्र की आत्महत्या की खबर सामने आई है। छात्र बीते दो साल से कोटा में रहकर इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मृतक छात्र मूलतः बिहार का निवासी था। बीते आठ माह में यह बाइसवीं आत्महत्या है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मृतक छात्र के पीजी पर पहुंची। पुलिस ने उसके शव को

- **गत 8 महीनों में 22 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं।**

पीजी से नया अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया। इसके साथ ही परिजनों को इसकी सूचना दे दी है।

छात्र के रूम में किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। महावीर नगर थाना अधिकारी

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# चंद्रयान चंद्रमा के एक दम करीब पहुँचा

चेन्नई, 16 अगस्त (वार्ता)। भारत का तीसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 बुधवार सुबह चौथा चरण पार कर अपनी मंजिल के और करीब पहुंच गया। चंद्रयान

- **चौथा चरण पार करके लैण्डर मॉड्यूल (एल. एम.) 17 अगस्त को (आज) प्रोपल्शन मॉड्यूल (पी.एम.) से अलग होगा।**

के लिए यह प्रक्रिया काफी अहम थी और कल (17 अगस्त को) चन्द्रयान-3 लैंडर मॉड्यूल (एलएम) को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से अलग होगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# देश के बड़े अखबारों ने स्वतंत्रता दिवस पर प्र.मंत्री मोदी के भाषण की आलोचना की

## सभी का मत था कि, मोदी का भाषण पूर्णतया राजनैतिक था, जिसका लक्ष्य 2024 के आम चुनाव थे

- **डैकन हैरल्ड लिखता है, राजनीति व चुनाव से प्रेरित भाषण स्वतंत्रता दिवस के लिए सर्वथा अनुपयुक्त था। भाषण में उन्होंने देश की प्रगति का पूरा श्रेय खुद को दिया। पूरे भाषण में मोदी की गांरटी, मोदी का संघर्ष ही बताया गया। भाषण नारेबाजी व अतिशयोक्ति से भरा हुआ था।**
- **ट्रिब्यून लिखता है, सरकार कहती है कि, भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और उसकी दी हुई थीम, ''एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य'', को भारी समर्थन मिला है, पर क्या भारत में ऐसी ही थीम ''एक भारत, एक परिवार, एक भविष्य'' प्रतिध्वनित होती है, शायद नहीं, खासकर मणिपुर में तीन माह से चल रही हिंसा व हरियाणा के साम्प्रदायिक दंगों को देखते हुए।**
- **कुछ अखबारों ने सवाल उठाए हैं कि, वैश्विक ताकत और विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर अग्रसर भारत क्या मणिपुर हिंसा, बढ़ते सांप्रदायिक तनाव जैसे मुद्दों को अनसुलझा छोड़ सकता है?**

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 अगस्त। हर तरफ मोदी ही थे। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से दिए स्वाधीनता दिवस भाषण को विशेषज्ञों ने राजनैतिक भाषण की संज्ञा दी जिसमें 2024 के चुनावी मुद्दों को उठाया गया, ये हैं ''भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति और तुष्टिकरण।''

प्रधानमंत्री ने विपक्ष को मात देने के लिए इन विषयों को चुना। उनका फोकस स्पष्टतः अगले एक साल पर था जिसमें वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए वाट प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

क्या ऐसा राजनीति से प्रेरित भाषण ऐसे समय में देना उचित था जब सरकार के सामने इतनी सारी सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां हैं? क्या प्रधानमंत्री हरियाणा में संप्रदायिक आग की अनदेखी कर सकते हैं? क्या व कह सकते हैं कि मणिपुर में सब कुछ सही है? कतई नहीं।

देश भी गरीबी, अभाव, असमानता और निराशा से मुक्त नहीं है। लोगों की स्वतंत्रता एवं अधिकार तथा इनका संरक्षण करने वाली संस्थाएं लगातार दबाव में हैं।

अधिकांश अखबारों ने संपादकीय में कहा है कि मोदी का भाषण आत्मप्रशंसा से भरा था और देश की सारी प्रगति का श्रेय वे स्वयं ले रहे थे।

मोदी ने अपने 10वें स्वाधीनता दिवस भाषण में देश के बारे में अपनी दृष्टि बताई और देश के अगले 5 साल, 25 साल और 1000 साल तक की भी बात की, जैसे कि उनके निर्णयों का प्रभाव तब तक रहेगा। लेकिन उन्होंने बहुत लंबी अवधि की जो बात की उसे समझदारी नहीं कहा जा सकता, विशेषकर त्वरित परिवर्तनों के दौर में। उनके भाषण के विषय और विचारों से लगता है वे असल में अगले एक साल की बात कर रहे है जब वे तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव में जाएंगे।

दक्षिण भारत के अखबार डेक्कन हैराल्ड का कहना है, ''राजनीति से प्रेरित भाषण

(शेष पृष्ठ 4 पर)

अब, आ गयां है
नया
कायम चूर्ण
एडवांस
गुलाबपत्ती, एरंडतेल के गुणो के साथ




दानेदार स्वरुप में अधिक दमदार, अधिक असरदार
कब्ज़, एसिडिटी, गैस में संपूर्ण राहत

# दो सौ विधानसभा सीटों पर 200 अन्य राज्यों के विधायक करेंगे जमीनी सर्वे

## भाजपा विधायक सात दिन प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों में रहकर टटोलेंगे जनता व चुनाव लड़ने वालों की नब्ज

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है, इसके लिए देश के अन्य राज्यों से विधायक प्रत्येक सीट पर लगाए जाएंगे जो ग्राउंड रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपेंगे। ये विधायक उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात सहित अन्य राज्यों के हैं, जो अपने क्षेत्र में चुनावी जीत की रणनीति में माहिर माने जाते हैं। हर एक विधायक को प्रदेश की एक सीट का जिम्मा दिया गया है। ये विधायक हर विधानसभा सीट से दावेदारों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेंगे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर न केवल टिकट तय होगा, बल्कि यह भी तय होगा कि उस विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कैसे लड़ना है। पार्टी ने फिलहाल विधायकों की इस वर्किंग को गोपनीय रखा है। इसमें यह भी जिक्र है कि कौन किस विधानसभा क्षेत्र में डेरा डालेगा। ये विशेषज्ञ विधायक हर विधानसभा में पहुंचकर हार-जीत की संभावना को खंगालकर पार्टी को बताएंगे कि उसे क्या करना है और क्या नहीं।

18 अगस्त तक ये सभी विधायक जयपुर पहुचेंगे। चार राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात के चुनिंदा विधायकों की जयपुर में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बता दिया जाएगा कि काम कैसे करना है। उसके बाद सभी अपने-अपने क्षेत्र में रवाना हो जाएंगे। जहां वे एक सप्ताह कैंप कर जानकारी जुटाकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। ये जो भी काम करेंगे वह गोपनीय होगा। ये उसमें स्थानीय नेताओं का सहयोग नहीं लेंगे। क्षेत्र में इन विधायकों की मौजूदा स्थिति क्या है? विधायकों के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी कितनी है? इसे


- **आज से जयपुर पहुचेंगे चार राज्यों के विधायक**

कैसे दूर किया जा सकता है? अन्य राज्यों के विधायक यह जानकारी जुटाएंगे। वे यहां विधायकों के फीडबैक के लेने के साथ ही अन्य दावेदारों से भी संवाद करेंगे। इसके अलावा पार्टी के पदाधिकारियों जैसे जिला अध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र मे आने वाले मंडलों के अध्यक्षों से मौजूदा विधायक का फीडबैक भी लेंगे।

सूत्रों का कहना है कि जिन सीटों पर कांग्रेस व अन्य दलों का कब्जा है, उनके लिए भाजपा अलग रणनीति पर काम कर रही है। इन सीटों पर भेजे जाने वाले विधायकों को अपनी रिपोर्ट में बताना होगा कि जीत के लिए क्या रणनीति होनी चाहिए? खासकर मौजूदा विधायक की ताकत व कमजोरियों की जानकारी जुटाई जाएगी। इनकी रिपोर्ट में ये भी शामिल होगा कि कौन से मुद्दों को उठाया जाए, जिससे भाजपा ये सीट जीत सके। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस व अन्य दलों से आए नेताओ की क्षेत्र में क्या स्थिति है? इस पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। विशेषत: उन सीटों पर जहां उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। अन्य राज्यों के विधायक इन सीटों के हर पहलू को अपनी रिपोर्ट में शामिल करेंगे।

राजनीति के जानकार कहते हैं कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारा दिया था-जीतेगा कमल और खिलेगा कमल। यहीं से संकेत मिल गए थे कि इस बार का चुनाव अब केंद्रीय टीम के हाथ में चला गया है। इसके लिए जल्द ही कुछ नए परिणाम दिख सकते हैं। सर्वे रिपोर्ट में इस बार भी कुछ क्षेत्रों में कांग्रेस को बढ़त मिलती बताई गई है। अब इन इलाकों में पार्टी ज्यादा फोकस कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि इस बार उम्मीदवारों का चयन बहुत ही गंभीरता से किया जाएगा। कुल मिलाकर बात ये है कि जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट मिलेगा। यदि यह फॉर्मूला लागू होता है तो कुछ पुराने विधायकों की टिकट कटने की आशंका है। ऐसे में जिसे टिकट मिलेगा उसके विरोध में बगावत के आसार बन सकते हैं। इन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी की जाएगी। ऐसे हालात से पार्टी को कैसे डील करना है, ये सभी पहलू इन विधायको की सूची में शामिल किया है।



77वें स्वतंत्रता दिवस पर शासन सचिवालय में महंगाई राहत कैंप में शामिल योजनाओं और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटिका जय-जय जनसम्मान जय-जय राजस्थान का मंचन किया गया। नाटिका के लेखक-निर्देशक डॉ. राहुलराज के अनुसार नाटिका का उद्देश्य राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने नाटिका की जमकर तारीफ की और कलाकारों का सम्मान किया। नाटिका में डॉ.राहुलराज, मनोज स्वामी, अमनदीप, मरिन्दर सिंह, राहुल स्वामी, अजीत, श्यामवीन आदि ने भाग लिया।

# छात्रसंघ चुनाव रोकने के खिलाफ पीआईएल पर सुनवाई 19 को

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मौजूदा सत्र में प्रदेश के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जाने के फैसले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर 19 अगस्त को सुनवाई करने का निर्णय लिया है। याचिकाकर्ता शांतनु पारीक की ओर से जनहित याचिका पर जल्दी सुनवाई करने की गुहार की गई थी। ऐसे में अब 19 अगस्त को सीजे एजी मसीह की खंडपीठ मामले को सुनेगी। वहीं मामले में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विभूति भूषण शर्मा भी कैविएट दायर कर चुके हैं। इसलिए खंडपीठ कोई भी अंतरिम आदेश देने से पहले राज्य सरकार का पक्ष भी सुनेगी।

पीआईएल में प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव को पक्षकार बनाते हुए कहा गया है कि छात्रसंघ चुनाव के जरिए छात्रों को उनका प्रतिनिधि चुनने का मौलिक अधिकार है। यह अधिकार उन्हें संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) व अनुच्छेद 21 से मिला हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में इसे मौलिक अधिकार का दर्जा दिया था। राज्य सरकार की ओर से केवल एक परिपत्र से ही तर्कहीन व असंवैधानिक कारणों से छात्रसंघ चुनावों को नहीं कराने का निर्णय लिया है, जो गलत है। इस परिपत्र में कहा है कि उच्च शिक्षा नीति की क्रियान्विति, कई विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणाम में देरी और मौजूदा शैक्षिणक सत्र में देरी से प्रवेश के कारण अध्यापन कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जाने का निर्णय लिया है। वहीं सरकार ने यह भी कहा है कि लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों की पालना भी नहीं हो पा रही है। जबकि इन सिफारिशों की पालना करवाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार, विवि और कॉलेज प्रशासन की है। हर विवि ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों पर एक कोड ऑफ कंडक्ट के नियम बना रखे हैं और यदि इन नियमों की अवहेलना होती है तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे में प्रदेश के विवि और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाए।

# देशप्रेम के जज्बे के साथ फहराया तिरंगा झंडा



राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस प्रदेशभर में देशप्रेम के जज्बे और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। इसके बाद में उन्होंने आरएसी गारद की सलामी ली। राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले बालक-बालिकाओं को मिठाई वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र भी उपस्थित रहीं। उन्होंने राजभवन स्थित औषधीय उद्यान में काला धतूरा और मिश्र ने अश्वगंधा का पौधा लगाया।

उधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार प्रात: सात बजे सिविल लाइंस स्थित सीएम निवास पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने जनपथ स्थित अमरजवान ज्योति पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद गहलोत ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात

- **देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया**

राजस्थान में 17 जिलों के गठन से लेकर ओलंपिक खेल आयोजन, महंगाई राहत कैंप, मुफ्त बिजली व घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने जैसी अपनी सरकार की योजनाएं गिनाई।

इस दौरान लोक कलाकारों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। उन्होंने जयपुर के रामगढ़ बांध को ईसरदा बांध से भरने, 13 जिलों को पेयजल पहुंचाने वाली ईआरसीपी योजना में वंचित बांधों को जोड़ने, नि:शुल्क अन्नपूर्णा राशन किट बांटने, चिरंजीवी योजना, स्मार्टफोन स्कीम जैसी घोषणाएं पुन: दोहराई।

उधर राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने झण्डारोहण किया। इस अवसर पर डॉ. जोशी ने समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हेमलता जोशी समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने अपने निवास पर ध्वजारोहण किया।

राष्ट्रगान के पश्चात उन्होंने पुलिस गार्ड की सलामी ली। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान एवं योगदान देने वाले सेनानियों को नमन किया। उधर राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। केन्द्रीय कारागार, जयपुर के बैण्ड ने राष्ट्रीय धुन बजाई एवं राजस्थान पुलिस टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वाधीनता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं न्यायिक सेवा से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# वन बार वन वोट प्रकरण में सुनवाई टली

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दी बार एसोसिएशन, जयपुर के 28 अगस्त को होने वाले वार्षिक चुनाव में 28 अगस्त 2022 से 27 अगस्त 2023 के दौरान किसी अन्य बार एसोसिएशन में मतदान नहीं करने के संबंध में मांगे जा रहे शपथ पत्र मामले में बुधवार को सुनवाई 21 अगस्त तक टाल दी। सीजे एजी मसीह व जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश नरेंद्र सिंह व अन्य की अपील पर दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा और अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि चुनाव कमेटी ने शपथ पत्र पेश करने की तारीख 21 अगस्त तक बढ़ा दी है। ऐसे में जब मतदाता सूची ही तैयार नहीं हुई तो अंतिम मतदाता सूची कैसे बन सकती है। याचिकाकर्ताओं ने किसी अन्य बार एसोसिएशन में मतदान नहीं किया है और केवल शपथ पत्र ही दिया था।

# निगम आयुक्त और आवासन आयुक्त को पेश होने का आदेश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रताप नगर के सेक्टर पांच के पास स्थित भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने और कब्जाधारियों को पट्टा देने का निर्णय करने से जुडे मामले में निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी और आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा सहित जेडीए के तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारी को 8 सितंबर को व्यक्तिश: पेश होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने अधिकारियों को कहा है कि वह प्रकरण से जुडा समस्त रिकॉर्ड भी अदालत में पेश करे। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश विकास समिति सेक्टर, 5, प्रताप नगर की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं अदालत ने 12 दिसंबर, 2022 के अदालती आदेश को उस हद कर वापस ले लिया है, जिसके तहत जेडीए सचिव और आवासन आयुक्त के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई बंद कर दी गई थी।

याचिका में अधिवक्ता विकास काबरा ने अदालत को बताया कि बंबाला गांव में स्थित सरकारी भूमि को कई प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है। इसकी शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं मामले में

- **हाईकोर्ट ने प्रताप नगर के सेक्टर पांच के पास भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने और कब्जाधारियों को पट्टा देने का निर्णय करने का मामला**

याचिका दायर करने पर हाईकोर्ट ने 25 अप्रैल, 2022 को नगर निगम को आदेश दिए थे कि वह अतिक्रमण के संबंध में मिली शिकायतों का परीक्षण करे और अतिक्रमण पाए जाने पर चार माह में अतिक्रमियों पर नियमानुसार पर कार्रवाई करे। इसकी पालना नहीं करने पर याचिकाकर्ता की ओर से अवमानना याचिका पेश की गई। वहीं 14 जुलाई 2022 को जेडीए आयुक्त रवि जैन, आवासन आयुक्त पवन अरोडा सहित अन्य अधिकारियों ने बैठक की। जिसमें तय किया गया कि मौके पर करीब 145 अतिक्रमी हैं, जो करीब 25 साल से मौके पर निर्माण कर रह रहे हैं। इसके अलावा वहां रोड और सीवरेज की सुविधा के साथ ही बिजली-पानी के कनेक्शन भी दिए जा चुके हैं। इसलिए हाईकोर्ट के निर्णय की पालना में इन अतिक्रमियों को हटाना बेहद कठिन है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर इन अतिक्रमियों को प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत नियमित करने की छूट मांगी जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि विभाग इन कब्जों को अतिक्रमण मान रहा है और इन पर कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट के आदेश भी हो चुके हैं, लेकिन अधिकारी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के बजाए इन्हें नियमित करने का मानस बना चुकी है। यह सीधे तौर पर अदालती आदेश की अवमानना है। ऐसे में दोषी अधिकारियों को अदालती आदेश की अवमानना के लिए दंडित किया जाए और मौके से अतिक्रमण हटाया जाए।

# भाजपा ने की 12 प्रवक्ता व 9 पैनलिस्ट की घोषणा

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए प्रदेश भाजपा ने 12 प्रवक्ताओं और 9 पैनलिस्ट की घोषणा की है। प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश अनुसार इस टीम की घोषणा की गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस सरकार की योजनाओं और भाजपा के एजेंडा को मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रवक्ताओं और पैनलिस्ट की घोषणा कर दी गई है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता चौमूं विधायक रामलाल शर्मा को चुनावी तैयारी की देखते हुए प्रवक्ता की जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। प्रवक्ताओं की जिम्मेदारी प्रदेश मीडिया के माध्यम से भाजपा की रीति नीति को पहुंचना होगा। इस दौरान पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किए गए पद अधिकारी मीडिया डिबेट में पार्टी का मजबूत पक्ष रखेंगे। इसकी घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सी. पी. जोशी ने की है। घोषणा के अनुसार प्रवक्ता पद के लिए लक्ष्मीकांत भारद्वाज,अशोक सैनी, रामकुमार वर्मा, अजीत मेहता, ओमप्रकाश भडाना, हिमांशु शर्मा, पूजा, कपिल मिश्रा, राखी राठौड, पंकज मीणा, मुकेश पारीक, आशीष चतुर्वेदी, अमित गोयल को नियुक्त किया गया हैं। अमित गोयल विद्याधर नगर विधानसभा से भी तैयारी कर रहे है।

पैनलिस्ट के रूप में सुरेन्द्र सिंह शेखावत, अभिमन्यु सिंह राजवी, निमिशा गौड, एकता अग्रवाल, अपूर्वा सिंह, शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, शंकर गौरा, विकास बारहट, मदन प्रजापत को नियुक्त किया गया हैं। मदन प्रजापत पहले भी पैनलिस्ट के रूप में टीवी चैनल की डिबेट में भाग लेते आए हैं ओर प्रमुखता से भाजपा की नीतिरीति को जनता के सामने रखते है।

# मुरलीपुरा में गूंजे देशभक्ति के तराने



प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 21 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।

Pamper your skin with post-sun care after a day of fun in the sun. Take a cool shower to soothe your skin and remove any sweat or sunscreen residue. Follow up with a hydrating and soothing moisturizer to replenish lost moisture. If you get sunburned, apply aloe vera gel to soothe the affected areas.

To shield your skin in the future, wearing protective clothing and seeking shade during peak sun hours are also smart strategies.

THE WALL





BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जन्मदिन मनाने गए तीन दोस्तों की नदी में डूबने से मौत

## साथ आए युवकों ने बताया कि पंचायत के ही सात जने नदी पर नहाने के लिए आए थे

**सपोटरा/करौली, (निसं)।** सपोटरा के निकट अडूदा बगीदा सड़क मार्ग स्थित अडूदा की नदी पर अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए पहुंचे युवकों में से तीन की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर नहाने आए सात युवकों में से एक युवक तीन युवकों को गहरे पानी में डूबता देखते हुए मौके से चलता बन गया। जहां पर दो अन्य युवकों के चिल्लाने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। जहां पर प्रशासन ने मृतक पिक्कू 17 पुत्र नेतराम राणा निवासी चौडागांव व राजीव 18 पुत्र स्व. मुकेश धोबी निवासी चौडागांव व रानेटा गांव निवासी भूपेन्द्र19 पुत्र रामजीलाल महावर के शव को पानी से बाहर निकाल कर के हाडौती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी मे रखवाकर के मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। जहां पर ग्रामीणों के द्वारा गमगीन माहौल मे युवकों का दाह संस्कार किया गया।



गोताखोरों के द्वारा मृतक पिक्कू व राजीव के शव को नदी से निकाला गया।

ग्रामीणों के द्वारा तीन युवकों के गहरे पानी में डूबने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा उपखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन को दी गई। जिस पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर के युवकों की तलाश करवा स्थानीय गोताखोरों ने प्रारम्भ किया। जहां पर स्थानीय गोताखोरों के द्वारा एक युवक को जिन्दा निकालकर के उसकी जान बचा ली गई। जबकि पानी में डूबे तीन युवकों की मौत हो गई। उपखंड अधिकारी यशवंत मीना ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों के द्वारा मृतक पिक्कू व राजीव के शव को नदी से भारी मशक्कत के बाद निकाला गया।

जबकि युवक भूपेन्द्र को मृत अवस्था में सिविल डिफेन्स व एसडीआरएफ की टीम की मशक्कत के बाद नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला गया। उपखंड की ग्राम पंचायत चौडागांव के रानेटा गांव निवासी भूपेन्द्र पुत्र रामजीलाल महावर व चौडागांव निवासी राजीव पुत्र मुकेश धोबी व पिक्कू पुत्र नेतराम राणा की दर्दनाक मौत होने से पंचायत मे सन्नाटा पसर गया था। मृतक युवकों के साथ आए युवकों ने बताया कि पंचायत के ही सात जने नदी पर नहाने के लिए आए थे। जिसमे से राकेश उर्फ कानू पुत्र राजू छीपा,दिलखुश पुत्र पवन सैन, आकाश पुत्र मनोज रावत निवासी चौडागांव व रामलखन पुत्र रामोतार प्रजापत निवासी खानपुर अपने दोस्तों के साथ नहाने गए थे।जहां पर तीन जनो की पानी में डूबने से मौत हो गई। एक की पंचायत में तीन युवकों की मौत होने से पूरी पंचायत में सन्नाटा पसर गया।

# फर्जी शादी कराने वाले गिरोह का खुलासा

## फर्जी दुल्हन समेत तीन महिला गिरफ्तार



कोतवाली थाना पुलिस ने फर्जी शादी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।

**दौसा, (निसं)।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी शादी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर फर्जी दुल्हन समेत तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले तो शादीशुदा महिला को अविवाहित बताकर शादी कराई जाती, बाद में दुल्हन घर की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो जाती।

- पहले तो शादीशुदा महिला को अविवाहित बताकर शादी कराई जाती
- बाद में दुल्हन घर की नकदी व जेवरात लेकर फरार हो जाती

एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर की गई कार्रवाई में फर्जी दुल्हन सोनिया उर्फ निशा पुत्री नसीब सिंह पत्नी रोहित गर्ग निवासी थाना सदर पानसरा हरियाणा हाल देहरादून समेत संगीता पत्नी विनोद कुमार हरिजन (34) निवासी थाना यमुनानगर सिटी हरियाणा एवं अनीता देवी उर्फ गीता देवी पत्नी पप्पू उर्फ रिकेश लोहार (43) निवासी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश हाल यमुनानगर हरियाणा को पानीपत से गिरफ्तार किया गया है। एसपी राणा ने बताया कि घटना के संबंध में शिव कॉलोनी निवासी विष्णु कुमार छीपा (32) द्वारा 2 जुलाई को थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया कि साल 2020 में उसकी पत्नी की कैंसर से मौत हो गई। घरवालों ने दलाल के झांसे में आकर 14 जून 2023 को यमुनानगर हरियाणा जाकर उसका विवाह निशा नाम की लड़की से बालाजी मंदिर में करवा दिया। शादी के बाद संबंध ना बने उसके लिये बहाने बनाती रही। साथ ही वापस यमुनानगर जाने की जिद करने लगी। शादी के 1 सप्ताह बाद 21 जून को जिद और धमकी के कारण उसके पिता व ताऊ निशा को वापस यमुना नगर छोड़ आये। घर पहुंचकर निशा रोज पैसों की डिमांड कर, नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। उसके बाद उसने सोशल मीडिया पर निशा के बारे में जानकारी हासिल की तो पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और बच्चे भी हैं। उसके बाद घर की तलाशी ली तो घर के जेवरात भी नहीं मिले।

एसपी राणा ने बताया कि मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने तकनीकी संसाधनों के आधार पर गैंग का खुलासा कर फर्जी दुल्हन समेत तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरोह पहले युवती को अविवाहित बता कर गलत नाम पते से अविवाहित पुरुषों से मोटी रकम प्राप्त कर शादी करती हैं। बाद में कथित दुल्हन कुछ दिन पीड़ित के घर रह बाद में किसी बहाने घर जाने की जिद कर घर के जेवर लेकर फरार हो जाती है। गिरफ्तार महिला आरोपियों से पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है।

# तहसील कार्यालय सलूंबर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

**सलूंबर, (निसं)।** तहसील कार्यालय सलूंबर पर स्वतंत्रता दिवस 2023 पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया। किसी भी जिम्मेदार ने ध्यान नहीं दिया। ध्वजा दंड पर लाइट सीरीज की नवार पट्टी बांध दी और उसी पर भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा राष्ट्र की संप्रभुता से गरिमा का घोतक फिरा दिया और राष्ट्रीय ध्वज दिनभर उसे नवार पट्टी पर लपेटता रहा।

कार्यालय भवन पर डेकोरेशन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ उस समय भी ना तो कार्यालय भवन पर डेकोरेशन कराने वाले जिम्मेदार ने ध्यान दिया न ही डेकोरेशन करने वाले ठेकेदार ने और नहीं उक्त ध्वज दंड पर ध्वज फहराने वाले जिम्मेदार ने। कार्यालय भवन पर ध्वज दंड डेकोरेशन एवं झंडा फहराने की व्यवस्था करने वाले जिम्मेदार एवं डेकोरेशन वाले ठेकेदार के विरुद्ध राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2 अनुसार उसे 3 वर्ष तक कारावास वह जुर्माना दोनों से दंडित किया जाए! किसी भी दशा में क्षमा योग्य नहीं है! लगभग 15 वर्ष पूर्व 26 जनवरी 2008 को भी इसी कार्यालय पर तिरंगे झंडे का अपमान किया गया था। तब दीवार पर राष्ट्रीय ध्वज रगड़ रहा था। तब जिला कलेक्टर उदयपुर ने सलूंबर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस दे कर छोड़ दिया था तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है जो किसी भी सूरत में क्षमा योग्य नहीं है और इसी से हम अंदाजा लगा सकते हैं कि घर-घर तिरंगा का क्या हस्त्र हो रहा होगा। एडवोकेट रामभरोसे पुरोहित जिला सलूंबर ने कहा कि मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि झंडा संहिता को और कठोर और प्रभावी बनाई जावे।

# सतीश पूनियां ने मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**बांसवाडा/जयपुर।** बांसवाड़ा जिले के एक दिवसीय प्रवास पर विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुये।

डॉ. पूनियां ने भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र राठौड़ के पिताजी गुलाब राठौड़ के निधन पर भीमसौर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिलाल अहारी के भाई हड़मत सिंह अहारी के निधन पर घाटोल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सतीश पूनियां ने माँ त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन कर देश और प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नित की कामना की।परतापुर कस्बा में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पूनियां ने बेणेश्वर धाम के संत अच्युतानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। मीडिया से बातचीत में डॉ. पूनियां ने कहा कि, कांग्रेस शासन में पेपर लीक, कर्जमाफी के नाम पर किसानों से वादाखिलाफी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता आक्रोशित है। राजस्थान का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है, 2023 में भाजपा की सरकार बनने पर फिर से शांतिप्रिय राजस्थान बनाएंगे, अपराधी जेल में होंगे, ऐसी मजबूत कानून व्यवस्था स्थापित करेंगे कि कोई भी अपराधी अपराध करने की हिम्मत नहीं कर पायेगा, अपराध मुक्त राजस्थान बनाएंगे।

भाजपा के शासन में युवाओं को रोजगार के अवसर होंगे, प्रदेश हर क्षेत्र में विजन डॉक्यूमेंट के साथ तरक्की करेगा, किसान, दलित और आदिवासियों की उन्नित के लिए विशेष योजनाओं पर कार्य करेंगे। इस दौरान बांसवाडा प्रवास पर गढी विधायक कैलाश मीणा, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव, वरिष्ठ नेता ओम पालीवाल, डूंगरपुर जिलाध्यक्ष प्रभु पण्डया, पूर्व मंत्री दलीचन्द मईडा, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कटारा, जिला महामंत्री जगमाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र वैष्णव, जिला महामंत्री मुकेश रावत, प्रधान निर्मला मकवाना, प्रधान बलवीर रावत, परतापुर मंडल अध्यक्ष सुनील आचार्य, मंडल अध्यक्ष किरण जोशी इत्यादि उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी के पूर्व तहसील अध्यक्ष को बंधक बनाकर मारपीट

**बीदासर, (निसं)।** भीम आर्मी के पूर्व तहसील अध्यक्ष पंकज रेगर पर सोमवार को अपहरण कर बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने व जातिसूचक गालियां निकालने का मामला पुलिस थाना में बीदासर के हिस्ट्रीशीटर महेन्द्र जाट व एक अन्य नामजद व्यक्ति के खिलाफ दर्ज हुआ है।

- एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो नामजद व अन्य व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज

पुलिस सुत्रों के अनुसार राजकीय बगड़िया अस्पताल सुजानगढ़ में भर्ती पंकज व उसके भाई सुशील कुमार ने लिखित रिपोर्ट दी कि सोमवार की दोपहर एक बजे के मध्य महेन्द्र जाट निवासी नेक नगर बीदासर ने मुझे धोके से षड़यंत्र कर मेरे मोबाईल नंबर पर कॉल करके मुझे बुलाया और कहा कि पंकज तेरे से मुझे आज एक जरूरी काम है। तुम अभी मुझसे नेक नगर आकर मिलो। मैं उसकी बात पर विश्वास करके नेक नगर चला गया, जहाँ महेन्द्र जाट व दो अन्य उसके साथी वहां बैठे थे। तब महेन्द्र ने मुझे कहा कि पंकज आज मैने तुझे यहां बुलाकर दो हजार रूपये कमा लिये।

ठीक इसी समय वहाँ एक सफेद रंग की बिना नंबरों की बोलेरो कैम्पर में जिसमें मुन्नीराम मण्डा निवासी ढाणी कालेरान सहित आठ दस अन्य लोग कैम्पर गाड़ी से उतरे और मुझे पकड़कर जबरन गाड़ी में बैठाया, और मेरी गाड़ी की चाबी छीनकर महेन्द्र जाट को दे दी। फिर इन्होंने मुझे जबरन शराब पिलाकर मेरा मुंह व आँखों पर सफेद पट्टा बांध दिया। इसके बाद गाड़ी में मेरा मोबाईल व गले तीन तोले सोने की चैन एक अंगुठी व जेब में रखे 17 हजार रूपये नगद छीन कर एक सुनसान रोही में ले गये। वहां किसी खेत में ले जाकर मुन्नीराम ने मेरे सिर पर पिस्टल लगा दी, और गंदी गालियाँ निकाली और कहा कि अब बुला पुलिस को और मेरी अवैध शराब की दुकान बंद करवा। फिर एक घण्टे तक लाठियों व डंडो से मुझे हत्या के प्रयास से बुरी तरह मारपीट की जिसकी वजह से मैं बैहोश हो गया।

मुझे मृत समझकर व बैहोशी की हालात में हाथ पैर और मुंह बांधकर वहाँ से चले गये। होश आने पर मैं जैसे तैसे सड़क किनारे पहुंचा, तो वहाँ एक अनजान पिकअप वाले ने गाड़ी रोककर मानवता धर्म निभाते हुये राजकीय सीएचसी पहुंचाया। फिर मैने अस्पताल में अपने छोटे भाई सुशील को बुलाकर उपरोक्त घटना बताई। पुलिस ने पंकज की रिपोर्ट पर दो नामजद व अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद रॉय करेंगे।

# नर्सिंग कर्मियों का दो घंटे धरना

**चिड़ावा, (निसं)।** चिड़ावा शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार रखा। इस दौरान नर्सिंग कर्मियों ने जिसके माध्यम से विभिन्न मांगों को उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मांग की जा रही है। लेकिन मांगों अनदेखा किया जा रहा हैं। अगर जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मांगे पूर्ण होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

# करौली में पुरानी रंजिश के चलते भतीजे ने की थी हत्या

## घटना के आरोपी मृतका के देवर के बेटे को गिरफ्तार किया

**करौली, (निसं)।** थाना मामचारी इलाके के लेदिया गांव के ब्लाइंड छोटी मीणा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को थाना पुलिस की टीम द्वारा घटना के आरोपी मृतका के देवर के बेटे चेतराम मीणा पुत्र राजू लाल (22) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुरानी रंजिश और द्वेष भावना के चलते हत्या और लूट को अंजाम दिया था। पुलिस की टीम लूटे गए जेवरों की बरामदगी के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

- आरोपी ने पुरानी रंजिश और द्वेष भावना के चलते हत्या और लूट को अंजाम दिया था

एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि थाना मामचारी इलाके के लेदिया गांव में बुजुर्ग महिला की हत्या के खुलासे के लिए एसएचओ विश्वम्भर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। गठित टीम ने अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर और डोर टू डोर सर्वे कर सन्दिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के बाद आसूचना संकलन से जिले के चर्चित छोटी मीणा हत्याकांड का खुलासा कर दिया है।

एसपी गुप्ता ने बताया कि आरोपी चेतराम मीणा पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के संपर्क में है। इससे पहले भी साल 2021 और 2022 में अपने ही गांव में चोरी की घटना की। लेकिन चोरी का सामान मिलने पर पंच पटलो के दखल से राजीनामा हो गया। हत्याकांड में गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के पिता राजू लाल की समाज में शादी नहीं होने पर उसने मध्य प्रदेश में अन्य समाज की महिला से शादी कर ली थी, जिससे आरोपी चेतराम और उसका भाई राजेश हुए।

आरोपी ने बताया कि दूसरे समाज में शादी कर लेने के कारण उसकी ताई छोटी मीणा बचपन से ही समाज में बाप-बेटों की बुराई कर रही थी। इसके बाद साझा खेतों में लगाए बोरवेल में पैसा ताई के पति मूडया राम द्वारा लगाए जाने पर उन्होंने पिता राजू लाल की जमीन गिरवी रख ली। गिरवी जमीन वापस मांगने पर छोटी देवी ने मना कर दिया। इसके अलावा उसकी और उसके भाई राजेश की सगाई के लिए आए परिवार को मां की जात अलग होने और खेत गिरवी रखे होने की बात कह ताई छोटी ने सगाई तुड़वा दी। इसी बात की रंजिश को लेकर वह बचपन से ताई छोटी देवी से द्वेष भावना रखता आ रहा था।

एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि मृतका छोटी देवी अपने दो बेटों अशोक और नरेश के साथ गांव में रहती थी। घटना के रोज घर में केवल नरेश की पत्नी और छोटी मीना ही मौजूद थे। आरोपी रात लगभग दो बजे घर में घुसा और सो रही छोटी मीणा का स्वापी (तोलिये) से गला घोट कर हत्या की और सोने चांदी के जेवर लूट कर फरार हो गया था।

# कुकर्म के आरोपी की जमानत खारिज

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग बालक के साथ कुकर्म करने के आरोपी हंसराज गुर्जर का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

पीड़त व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि पीड़ित नाबालिक बालक के साथ उसके पिता ने जिले के एक थाने में उपस्थित होकर मामला दर्ज करा कर बताया था कि 23 जून 2022 को करीब 9 बजे मेरा छोटा लड़का जिसकी उम्र करीब 7 वर्ष है हमारे पड़ोसी के घर जा रहा था। इसी दौरान मेरे पुत्र को आरोपी हंसराज गुर्जर पकड़कर ले गया एवं उसके साथ गलत काम किया एवं बंद करके रखा मेरा लड़का चिल्लाया तो आवाज सुनकर विकास मीणा ने जाकर मेरे बच्चे को छुड़ाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच सवाई माधोपुर सीओ राजवीर सिंह के सुपुर्द की गई। जांच अधिकारी ने अनुसंधान के बाद मात्र 24 घंटे में ही 24 जून 2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

# दो बदमाश गिरफ्तार, बैंकों के 102 एटीएम कार्ड जब्त

## चेकबुक, पासबुक, 1.75 लाख नगद और दो मोबाइल जब्त किये

**जयपुर, (निसं)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच की सूचना पर अलवर जिले के अरावली विहार थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में एटीएम मशीनों से कैश निकलवा कर कमीशन बेस पर साइबर ठगों को उपलब्ध करवाने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन के दिशा निर्देशन में की गई इस कार्यवाही में आरोपी रणजीत यादव पुत्र मुखराम (30) निवासी रामबास थाना गोविंदगढ़ जिला अलवर और महेंद्र यादव पुत्र किशनलाल (35) निवासी अखेगढ़ थाना नदबई जिला भरतपुर हाल कटीघाटी थाना अरावली विहार अलवर को गिरफ्तार किया गया है।

इनके पास से पुलिस ने विभिन्न बैंकों के 102 एटीएम कार्ड, चेक बुक, पासबुक, 1 लाख 75 हजार रुपए नगद और दो मोबाइल जब्त किये गये हैं।

एडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत व टीम द्वारा 7 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद यह सूचना विकसित की गई। सूचना पुख्ता होने पर स्वतंत्रता दिवस के दिन अरावली विहार थाना अधिकारी मनीषा गुर्जर आरपीएस को सूचना दी गई।

सूचना पर थाना पुलिस द्वारा देवयानी हॉस्पिटल के पास स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम के पास खड़े संदिग्ध युवक रणजीत यादव और महेंद्र यादव को घेरकर डिटेन किया। रणजीत की तलाशी में 55 एटीएम कार्ड, एक बैंक की चेक बुक व पासबुक तथा 1 लाख 5 हजार रुपए नगद एवं महेंद्र की तलाशी में 47 एटीएम कार्ड, 70 हजार नगद और एक मोबाइल मिला।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्हें एटीएम कार्ड मोहम्मद जुबेर निवासी रसूलपुर थाना कामा और मोहम्मद तालिब निवासी खेड़ा महमूद थाना गोविंदगढ़ ने लाकर दिए थे। साइबर ठग अरबाज निवासी बल्लाका थाना नगर, आरिफ निवासी बरलाकी थाना नगर, शहजाद, सद्दाम व वहीद निवासी गोलकी थाना सीकरी तथा फरीद उर्फ फरु निवासी नयामतपुर थाना नगर जिला भरतपुर के कॉल करने पर वे विभिन्न एटीएम मशीनों से रकम निकलवा कर कमीशन काट उन्हें देते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में हुई पूर्व विधायक मण्डेलिया और सभापति सैनी की उपेक्षा

## हाजी मकबूल मण्डेलिया और पायल सैनी को मंच पर नहीं बुलाना बना रहा चर्चा का विषय

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह स्थानीय पुलिस लाईन मैदान में आयोजित किया गया। जिला प्रभारी मंत्री व सड़क सुरक्षा व परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला ने ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी ली।

इस दौरान जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग, पूर्व विधायक मकबूल मंडेलिया, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा, सभापति पायल सैनी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश कुमार गौतम ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में प्रशिक्षु आरपीएस नरेंद्र नागर के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड व एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री ओला ने जिले में उत्कृष्ट कार्य के लिये चूरू एसडीएम सक्षम गोयल, राजगढ़ एसडीएम रणजीत कुमार सहित 94 अधिकारियों, कर्मचारियों,



चूरू में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बृजेंद्र ओला ने 94 अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

विद्यार्थियों, खिलाड़ियों व नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शहीद वीरांगनाओं का शॉल ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान पूर्व विधायक हाजी मकबूल मण्डेलिया और सभापति पायल सैनी को मंच पर नहीं बुलाकर दोनों की उपेक्षा की गई। उसके बाद हाजी मकबूल मण्डेलिया समारोह स्थल से बीच में ही बाहर चले गए। पूर्व विधायक हाजी मकबूल मण्डेलिया और सभापति पायल सैनी को मंच पर नहीं बुलाने की काफी चर्चा रही। पायल सैनी को शहर की प्रथम नागरिक होने के बाद भी मंच पर स्थान नहीं देना गलत ही है।

- प्रशासन स्वतंत्रता दिवस समारोह से जनता को जोड़ने में पूरी तरह नाकाम रहा

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि आजादी के लम्बे संघर्ष के बाद देश के महान सपूतों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने चूरू जिले में हुए कांगड़ एवं दूधवाखारा किसान आंदोलनों का जिक्र करते हुये कहा कि 26 जनवरी 1930 को चूरू के लोगों ने धर्मस्तूप पर तिरंगा फहराकर अपने देशप्रेम व साहस का इजहार किया। डॉ. विद्या आर्य के निर्देशन में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान किया।

विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. वासुदेव चावला, एडवोकेट हेमसिंह शेखावत, दिलबाग सिहाग, इंद्राज खीचड़, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीआर मीणा, भास्कर शर्मा, डीएफओ सविता दहिया, एसीईओ हरिराम चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा, एएसपी जयसिंह तंवर, डीवाईएसपी राजेंद्र बुरड़क, प्रधान दीपचन्द राहड़, बीडीओ शर्मिला छल्लाणी, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, विकास मील, हेमंत सिहाग, रामरतन सिहाग, अधीक्षण अभियंता (विद्युत) वीआई परिहार, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, हेमंत मंगल, डीटीओ ओमसिंह, एपीआरओ मनीष कुमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मेवाराम, डॉ. निरंजन चिरानिया, उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया, डीआईओ लक्ष्मण सिंह चौधरी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामसिंह सिहाग, प्रमेंद्र सिहाग, अरविंद भांभू, डॉ. जेबी खान, अख्तर खान, जसवंत सिंह मेड़तिया, मंगेज सिंह आदि उपस्थित थे। समारोह स्थल पर पेयजल की पूरी व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकांश लोग कार्यक्रम सम्पन्न होने से पहले ही चले गए। यहां का प्रशासन स्वतंत्रता दिवस समारोह से जनता को जोड़ने में पूरी तरह नाकाम रहा।

# माण्डलगढ़ की पंचायतों को शाहपुरा जिले में जोड़ने पर प्रदर्शन जारी

## एसडीएम व तहसील कार्यालय परिसर में घुसी आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़

**माण्डलगढ़,** (निसं)।भीलवाड़ा जिले में माण्डलगढ़ उपखण्ड की 16 ग्राम पंचायतों को नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल किए जाने का विरोध प्रदर्शन जबरदस्त परवान चढ़ता जा रहा है। बुधवार को आक्रोशित हजारों की संख्या में भीड़ माण्डलगढ़ उपखण्ड कार्यालय पहुँची। यहाँ आक्रोशित भीड़ बेकाबू होकर एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय परिसर में घुस गई। इस दौरान मौक़े पर मौजूद पुलिस भी अनियंत्रित भीड़ को काबू करने में लाचार नजर आई। एसडीएम महेश गगोरिया के आश्वासन के बाद भीड़ धरना स्थल के लिए रवाना हुई।

माण्डलगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत सरपँच संघ और पंचायत बचाओ संघर्ष समिति के सयुंक्त तत्वाधान में बुधवार को माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र बन्द का आव्हान किया गया था। इस दौरान माण्डलगढ़ कस्बा महुआ, काछोला, मानपुरा, झंझोला, राजगढ़, थलकला, रलायता, दौलपुरा, श्रीनगर, जस्सूजी का खेड़ा, बिकरन समेत 16 ग्राम पंचायतों में बाजार बंद रहे। आक्रोशित हजारों ग्रामीण महुआ गाँव से माण्डलगढ़ तक बाइक रैली निकाल कर पहुँचे।उपखण्ड कार्यालय में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



माण्डलगढ़ की 16 पंचायतों को नवसृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने के विरोध में धरना दिया।

प्रदर्शनकारियों में कई महिलाओं ने भी धरना स्थल पहुंच कर विरोध दर्ज कराया। शाहपुरा जिले में जाने का विरोध कर रही हजारों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ उपखण्ड कार्यालय पर बेकाबू हो गई। कार्यालय परिसर की कोर्ट व तहसील की बिल्डिंग पर जा चढ़े।वहीं परिसर में वकीलों की टेबलों तक पर लोग चढ़ गए। आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ "नहीं चाहिए शाहपुरा जिला,,हमें भीलवाड़ा जिले में ही रहना" के नारेबाजी कर एक घण्टे तक प्रदर्शन किया। आक्रोशित भीड़ ने उपखण्ड अधिकारी का घेराव कर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। एसडीएम महेश गगोरिया ने आक्रोशित ग्रामीणों से समझाइश कर आश्वस्त किया कि आप लोगों की वाजिब समस्या को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया गया हैं।शीघ्र ही सकारात्मक संदेश आने का इंतजार करें। गौरतलब हैं कि मानपुरा पंचायत बचाओ संघर्ष समिति द्वारा पिछले 7 दिनों ने उपखण्ड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं।वहीं उक्त मामले से आहत ग्राम पंचायतों के सरपंच द्वारा अलग अलग रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन ओर ग्रामसभा के प्रस्ताव भेजे जा रहे है।

मानपरा के ग्रामीणों ने बताया कि संघर्ष समिति द्वारा आयोजित एक सप्ताह से चल रहे धरना प्रदर्शन को बीजेपी के नेताओ ने हाईजैक कर

- 16 ग्राम पंचायतों में बाजार बंद रहे, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भीलवाड़ा जिले में ही रहने की मांग की

चुनावी बिसात कायम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।हालांकि बीजेपी के नेताओं द्वारा भी उक्त पंचायतों का समर्थन मिल रहा हैं। लेकिन सत्ताधारी नेताओं के माध्यम से उक्त मामले को सरकार तक पहुंचने की कोशिश जारी हैं। उक्त धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, पँचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, पीसीसी सदस्य वंदना माथुर, विभा माथुर, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, सरपँच रामजस दाधीच समेत कई नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया। दौलपुरा सरपंच ने कहा कि आज हजारों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ धरना स्थल पर पहुंची हैं जो किसी राजनीतिक दल के नेता के आव्हान पर नहीं बल्कि अपने आप अपना आक्रोश जताने आई हैं।

# कार ड्राइवर ने टक्कर मारकर ए.एस.आई. की हत्या की

## हादसे में टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर की भी मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में एक कार ड्राइवर ने टक्कर मारकर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) की हत्या कर दी। एक्सीडेंट में टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर की भी मौत हो गई। वहीं, एक कॉन्स्टेबल घायल हो गया। तीसरा पुलिसवाला कुछ दूर पर खड़ा था, इसलिए बच गया। घटना जोधपुर के करवड़ थाना क्षेत्र के टूट की बाड़ी स्थित जोधपुर-नागौर हाईवे पर मंगलवार शाम 6 बजे की है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि कार चलाते समय ड्राइवर फोन पर किसी महिला से बहस कर रहा था। इस पर कॉन्स्टेबल ने उसे टोका था।

मंडोर एसीपी पीयूष कविया ने बताया कि एएसआई भंवरलाल, अशोक और ट्रैफिक कॉन्स्टेबल मनीष इंटरसेप्टर पर थे। इसी दौरान जालसू (नागौर) निवासी हरिशंकर वैष्णव गलत साइड से कार चलाते आ रहा था। इस पर एएसआई भंवरलाल ने हरिशंकर को रुकवा ट्रैफिक रूल फॉलो करने को कहा, लेकिन हरिशंकर अपनी गलती मानने की बजाय भंवरलाल से उलझने लगा। भंवरलाल ने जब चालान काटने को कहा तो हरिशंकर वहां से कार लेकर फरार हो गया।

भंवरलाल इंटरसेप्टर के पीछे खड़े होकर कंट्रोल रूम को सूचना दे ही रहे थे कि हरिशंकर ने आगे जाकर गाड़ी घुमा दी और 110 की स्पीड से इंटरसेप्टर को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि भंवरलाल

- देर रात इंटरसेप्टर पर थी ड्यूटी, कांस्टेबल भी घायल
- कार चालक को ट्रैफिक रूल फॉलो करने को कहा था

की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खुद हरिशंकर भी गंभीर घायल हो गया। उसे दूसरी गाड़ी से मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।

इस हादसे में गाड़ी में बैठे कॉन्स्टेबल अशोक गंभीर घायल हो गए। उन्हें मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। ट्रैफिक कॉन्स्टेबल मनीष इंटरसेप्टर गाड़ी से थोड़ी दूर खड़े थे, इसलिए वह इस हादसे का शिकार होते-होते बच गए। देर रात दोनों के शव मॉर्च्युरी में शिफ्ट किए गए। घायल पुलिसकर्मी ने अधिकारियों को बताया कि इंटरसेप्टर जोधपुर की तरफ थी। हरिशंकर गलत साइड से आ रहा था। बताया जा रहा है कि हरिशंकर शराब के नशे में भी था। हादसा इतना दर्दनाक था कि एसयूवी भी चकनाचूर हो गई।

करवड़ थानाधिकारी हनुमानसिंह ने बताया कि मूलत: लोहावट के रहने वाले 50 साल के भंवरलाल एएसआई पद पर कार्यरत थे। इनकी ड्यूटी इन दिनों यातायात शाखा की इंटरसेप्टर गाड़ी पर लगी हुई थी। मंगलवार की रात को उनके साथ ड्यूटी पर दो कांस्टेबल अशोक सिंह एवं मनीष जाट भी थे। ये रात में वे टूट की बाड़ी-मंडलनाथ बाइपास रोड एनएच 62 पर तैनात थे। तब एक कार चालक जोधपुर से डेगाना नागौर जाते समय इंटरसेप्टर को पीछे से टक्कर मार दी। इंटरसेप्टर के पीछे से कैमरों की मदद से वाहनों की चैकिंग की जाती है। तब कार चालक इतना दनदनाता आया कि पीछे से मारी गई टक्कर में एएसआई भंवरलाल, कांस्टेबल अशोक सिंह बुरी तरह घायल हो गए। बाद में सूचना पर थाने की पुलिस के साथ एसीपी पीयूष कविया आदि वहां पहुंचे। तुरंत एएसआई भंवरलाल एवं कांस्टेबल अशोक सिंह को एमडीएम अस्पताल भेजा गया। मगर चिकित्सकों ने एएसआई भंवरलाल को मृत घोषित कर दिया। कांस्टेबल अशोक सिंह उपचाराधीन है। थानाधिकारी हनुमानसिंह ने बताया कि इस हादसे में कार का चालक नागौर जिले के डेगाना तहसील के जालसू हाल भानूनगर बी रोड, मंडोर निवासी हरीश वैष्णव पुत्र परमानंद की भी मौत हो गई। एएसआई भंवरलाल के शव का पोस्टमार्टम के बाद हरीश वैष्णव के शव का भी पोस्टमार्टम करवाया गया।

**पुलिस लाइन में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर :-** एएसआई भंवरलाल के शव को पोस्टमार्टम प्रक्रिया के बाद पहले पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां पर गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने के साथ राजकीय सम्मान किया गया।

# 21 क्विंटल डोडा-पोस्त पकड़ा, ट्रक जब्त

## देशनोक पुलिस ने रात में नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई की

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यभर में नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बीकानेर के देशनोक थाना क्षेत्र में 21 क्विंटल डोडा-पोस्त बरामद किया। इस कार्रवाई के दौरान एक ट्रक भी जब्त किया गया है, जिसमें डोडा-पोस्त भरा हुआ था।

देशनोक पुलिस ने रात में नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से बड़ी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। देशनोक एसएचओ कश्यप सिंह के नेतृत्व में ये कार्रवाई देशनोक जीएसएस-नापासर फांटे के पास की गई। यहां पुलिस की नाकेबंदी चल रही थी।

इसी दौरान बीकानेर की ओर से आ रहा ट्रक पुलिस की नाकाबंदी देख कर ट्रक रूक गया। ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। ट्रक की तलाशी ली गई तो डोडा पोस्त की बड़ी खेप मिली। देशनोक पुलिस ट्रक जब्त कर थाने ले आई। अवैध डोडा पोस्त वजन किया गया जो 2 हजार 125 किलो का था। जिसकी बाजार कीमत लाखों में है।

देशनोक पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। इस मामले की आगामी जांच जसरासर एसएचओ करेंगे। दरअसल, बीकानेर डोडा, पोस्त, अफीम, गांजा सहित अन्य नशीली सामग्री पहुंचाने का ट्रांजिट रूट बन गया है। यहीं से होकर पंजाब, गुजरात, हरियाणा सहित कई राज्यों में नशे का सामान पहुंचाया जा रहा है। आये दिन कोलायत, देशनोक, बीछवाल सहित कई थाना क्षेत्रों में इस तरह की कार्रवाई हो रही है।

# दो बेटों के साथ महिला कुएं में कूदी

## महिला और एक बेटे की मौत, एक बेटे के सिर और हाथ में चोट आई

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा के पास श्योपुरा पंचायत के गोदारा का बस में एक महिला अपने दो जुड़वा बेटों के साथ खेत में बने कुएं में कूद गई। इसमें महिला और एक बेटे की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार महिला सोनिया चिड़ावा में अपने ससुराल पिलानी रोड पर गैस एजेंसी के पास विकास नगर में रहती थी। अपने पीहर में पिता के चोट लगने पर वहां जाने की कहकर बच्चों के साथ पैदल की निकली थी। गोदारा का बास में एक खेत के कुएं में कूद गई। घटना में महिला तीस वर्ष की सोनिया और उसके एक बेटे की मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं से महिला और उसके दो बच्चों को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने महिला और उसके एक बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक बेटे के सिर और हाथ में चोट आई है। फिलहाल उसे रेफर किया गया। फिलहाल उसकी हालत ठीक है।

महिला का पति अरविंद आर्मी में है और फिलहाल घर आया हुआ था। महिला के पीहर पक्ष की ओर से महिला के पति, सास और ननद के खिलाफ दहेज के लिए परेशान करने के कारण आत्महत्या का मामला दर्ज करवाया है। एसडीएम बृजेश गुप्ता और सीआई विनोद सामरिया के दोषियों के खिलाफ 15 दिन में जांच के बाद कड़ी कार्रवाई के आश्वासन के बाद शवों का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया गया।

### क्रिकेट विश्व कप की ट्रॉफी लायी गयी ताजमहल

आगरा, 16 अगस्त। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 की ट्रॉफी बुधवार को ताजमहल पहुंची और यहां पर ट्रॉफी को रखकर वीडियो शूट किये गये। पांच अक्टूबर से क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होने जा रहा है। क्रिकेट के सबसे बड़े आयोजन से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने प्रमोशन की तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन में अब 50 दिन से कम का समय रह गया है। ऐसे में इसके प्रमोशन को लेकर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ताजमहल में कुछ लोग हाथ में चमचमाती ट्राफी लेकर पहुंचे। इस ट्रॉफी को ताजमहल के वीडियो शूट प्लेटफॉर्म पर रख दिया गया। ताजमहल में आईसीसी विश्व कप 2023 की चमचमाती ट्रॉफी देखते ही लोगों में उत्सुकता फैल गयी। करीब एक घंटे तक ट्राफी को लेकर शूट चला। ताजमहल के संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि आईसीसी की ओर से उनसे ट्रॉफी के शूट को लेकर अनुमति मांगी गयी थी। करीब एक घंटे तक शूटिंग चली। ताजमहल में शूट खत्म होने के बाद ट्रॉफी के साथ सेल्फी लेने और वीडियो बनवाने के लिये पर्यटकों में होड़ लग गई। सुरक्षाकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से लोगों को संभाला। लोगों ने दूर से ही फोटो और वीडियो शूट करवाये।

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत के दो पदक पक्के

पेरिस, 16 अगस्त। भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड टीमों ने तीरंदाज़ी विश्व कप के चौथे चरण में बुधवार को अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचते हुए दो पदक सुनिश्चित कर लिये। ओजस देवताले, प्रथमेश जॉकर और अभिषेक वर्मा की भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-235 (30-30) से हराया। दोनों टीमों के स्कोर बराबर थे लेकिन ओजस का निर्णायक निशाना केन्द्र बिन्दु के करीब होने के कारण भारत को विजयी घोषित किया गया। फाइनल में भारतीय टीम अमेरिका से भिड़ेगी। दूसरी ओर, दो सप्ताह पहले बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन को 234-233 से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय तिकड़ी स्वर्ण पदक मुकाबले में मेक्सिको का सामना करेगी। देवताले, जावकर और वर्मा की पुरुष टीम ने कोरिया के विरुद्ध दो अंकों की बढ़त गंवा दी और चौथे राउंड में चोई योंगही, किम जोंगहो और यांग जेवोन की तिकड़ी को स्कोर बराबर करने का मौका दिया।

### जोकोविच अमेरिका में 2021 के बाद पहला मैच हारे

मेसन, 16 अगस्त। तेईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच अमेरिका में 2021 के बाद पहला मैच हारे जब उन्हें वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में युगल मैच में पराजय का सामना करना पड़ा। जोकोविच और निकोला काचिच को जैमी मूरे और माइकल वीनस ने 6.4, 6.2 से हराया। जोकोविच कोरोना टीकाकरण नहीं कराने की वजह से अमेरिका में पिछले दो साल में कई टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे।

# विश्व चैम्पियनशिप के ट्रॉयल की पात्रता नहीं बदलेगी कुश्ती की तदर्थ समिति

नयी दिल्ली, 16 अगस्त। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित कुश्ती की तदर्थ समिति ने बेलग्राद में अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप की टीम के चयन के आगामी ट्रायल की पात्रता को नहीं बदलने का फैसला किया है।

सोलह सितंबर को शुरू होने वाली विश्व चैंपियनशिप की टीम का चयन ट्रायल पटियाला में 25 और 26 अगस्त को होगा। तदर्थ समिति के एक सदस्य ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बुधवार को बताया, "विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल दो दिन पहले घोषित कार्यक्रम के अनुसार पटियाला में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती के सभी 10 वजन वर्ग में होंगे।" इस तरह की अटकलें थी कि घुटने की चोट के कारण विनेश फोगाट के (53 किग्रा) के हांगझोउ एशियाई खेलों से हटने के कारण तदर्थ समिति सिर्फ चार गैर ओलंपिक वर्ग में ट्रायल का आयोजन कर सकती है।

कुश्ती में 10 वजन वर्ग होते हैं जिसमें से छह ओलंपिक और चार गैर ओलंपिक वजन वर्ग हैं। हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के छह ओलंपिक वर्ग में ट्रायल 22 और 23 जुलाई को नयी दिल्ली में हुए थे। जुलाई में ट्रायल में हिस्सा लेने वाले कई पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल का विरोध किया था क्योंकि उनका मानना था कि वे जुलाई में हुए ट्रायल से शरीर पर पड़ने वाले असर से नहीं उबर पाएंगे।

विनेश और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया को जगह देने के लिए दो बार ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इन दोनों को जुलाई में हुए ट्रायल से छूट मिली थी क्योंकि जंतर-मंतर पर धरना देने के बाद उन्होंने ट्रेनिंग के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। विनेश चोट के कारण बाहर हो गई हैं जबकि बजरंग ने विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने को लेकर चुप्पी साध रखी है।

इससे इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि सभी छह ओलंपिक वर्ग में ट्रायल रद्द किए जा सकते हैं और ये सिर्फ चार गैर ओलंपिक वर्ग में होंगे। पैनल के सदस्य ने कहा, "बजरंग सहित सभी छह पहलवानों (जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले और जुलाई में ट्रायल से छूट मांगने वाले) को खुद को साबित करने के लिए एक और मौका मिलेगा।" उन्होंने कहा, "अब तक हमें उनकी प्रविष्टियां नहीं मिली हैं। हम इंतजार कर रहे हैं। यह नए ट्रायल हैं और इन्हें पिछले ट्रायल से नहीं जोड़ा जाना चाहिए जिसका आयोजन एशियाई खेलों की टीम के चयन के लिए हुआ था।"

# मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में इंग्लैंड

सिडनी, 16 अगस्त। इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार फाइनल का टिकट कटा लिया। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर इंग्लैंड का पहला गोल एला टून ने 36वें मिनट में किया। सैम कर ने 63वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिये बराबरी का गोल किया, लेकिन लौरेन हेम्प (71वां मिनट) और एलिसा रूसो (86वां मिनट) ने इंग्लैंड का दूसरा और तीसरा गोल जमाकर मेज़बान टीम का चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। इंग्लैंड अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्पेन का सामना करेगा, जबकि तीसरे स्थान के लिये ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला स्वीडन से होगा। पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना लेकर उतरीं दोनों टीमों ने मैच की आक्रामक शुरुआत की, हालांकि कुछ देर बाद ही इंग्लैंड ने अपने खिलाड़ियों के मज़बूत समन्वय से मैच पर दबदबा बना लिया। इंग्लैंड ने कई मौकों पर गोल करने का अंदेशा दिया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस ने विपक्षी टीम को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। रूसो ने टून की सहायता से 19वें मिनट में गोलपोस्ट पर एक निशाना भी लगाया लेकिन उनका कोण सही न होने के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को परेशान नहीं कर सकीं।

# वहाब रियाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

लाहौर, 16 अगस्त। पाकिस्तान के अनुभवी वामहस्त गेंदबाज़ वहाब रियाज़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वहाब ने अपने 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, एक अद्भुत सफर के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पीसीबी, मेरे परिवार, कोच, मेंटर, टीम के साथियों, प्रशंसकों और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का बेहद धन्यवाद।

वहाब ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो दिसंबर 2020 को खेले गये एक टी20 मैच में आखिरी बार पाकिस्तान का प्रनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि संन्यास लेने का निर्णय पाकिस्तानी क्रिकेट की युवा प्रतिभाओं पर उनके अटूट विश्वास का प्रमाण है और अब वह दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।

वहाब ने कहा, मैं अपने संन्यास के बारे में बीते दो वर्षों से बात कर रहा हूं कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरे संन्यास का समय होगा। मैं इस समय इस बात से पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने अपनी पूरी क्षमता के अनुसार अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सेवा की।

उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और विशेषाधिकार की बात रही है। इस अध्याय को खत्म करते हुए मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट के नये सफर की शुरुआत करने के लिये रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से मुकाबला करते हुए दर्शकों का मनोरंजन और उन्हें प्रेरित कर पाऊंगा।

### एफसी गोवा डूरंड कप के नॉकआउट में पहुंचा

गुवाहाटी, 16 अगस्त। एफसी गोवा ने बुधवार को यहां ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में डाउनटाउन हीरोज एफसी को 3-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट में जगह बनाई। गोवा की तरफ से मोहम्मद नेमिल, कार्लोस मार्टिनेज़ और देवेन्द्र मुर्गावकर ने गोल किए, जिससे उनकी टीम ने ग्रुप चरण के अपने अभियान का अंत जीत से किया। गोवा की टीम ने शुरू से ही मैच में दबदबा बना दिया था। उसने अपना पहला गोल मोहम्मद नेमिल के प्रयासों से 19वें मिनट में किया। गोवा ने इसके बाद भी हमलावर तेवर अपनाए रखे जिसका फायदा उसे 42वें मिनट में मिला जब मार्टिनेज ने गोल दागा। इस तरह से गोवा मध्यांतर तक 2-0 से आगे था।

# सैमुअल्स भ्रष्टाचार रोधी संहिता के 4 नियमों के उल्लंघन के दोषी पाए

दुबई, 16 अगस्त। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर मार्लन सैमुअल्स को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। स्वतंत्र भ्रष्टाचार रोधी पंचाट ने सुनवाई के बाद उन्हें दोषी पाया। ईसीबी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी की भूमिका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सितंबर 2021 में सैमुअल्स पर 2019 में टी0 लीग के दौरान भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए थे।

सैमुअल्स ने पंचाट के समक्ष सुनवाई के अपने अधिकार का प्रयोग किया जिसके बाद इस 42 वर्षीय को दोषी पाया गया। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, "पंचाट अब सजा पर निर्णय लेने से पहले प्रत्येक पक्ष की दलीलों पर विचार करेगी। उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा।" सैमुअल्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 71 टेस्ट, 207 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जिसमें उन्होंने 11,134 रन बनाने के अलावा 152 विकेट भी चटकाए।

शीर्ष क्रम के इस पूर्व बल्लेबाज को आचार संहिता के नियम 2.4.2, 2.4.3, 2.4.6 और 2.4.7 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इनमें से तीन नियम भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को किसी भी उपहार, भुगतान, आतिथ्य या अन्य लाभ की प्राप्ति का खुलासा करने में विफलता से संबंधित हैं जो ऐसी परिस्थितियों में किया गया था या दिया गया था जो 'प्रतिभागी या क्रिकेट के खेल को बदनाम कर सकता था', जांच में सहयोग नहीं करना, और 'प्रासंगिक जानकारी छिपाना, जांच में बाधा डालना।

### किंग्स कप सेमीफाइनल में इराक से भिड़ेगा भारत

नयी दिल्ली, 16 अगस्त। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 49वें किंग्स कप 2023 के सेमीफाइनल में इराक से भिड़ेगी। थाईलैंड फुटबॉल संघ ने बुधवार को आयोजित ड्रॉ समारोह में इसकी पुष्टि की।

यह मुकाबला सात सितंबर को थाईलैंड के चियांग माई में 700वीं वर्षगांठ स्टेडियम में होगा। उसी दिन बाद में थाईलैंड दूसरे सेमीफाइनल में लेबनान से भिड़ेगा। किंग्स कप 2023 सेमीफाइनल जीतने वाली टीमें 10 सितंबर को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हारने वाली टीमें तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में भिड़ेंगी।

ड्रा व्यवस्था के अनुसार इराक (सर्वोच्च 70वीं फीफा-रैंक वाली टीम) और थाईलैंड (मेजबान और 113वीं रैंक वाली टीम) को अलग-अलग ड्रॉ किया गया। भारत ने इराक से आखिरी मैच 2010 में खेला था जहां उसे 0-2 की हार मिली थी।

### गिल करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर, जायसवाल और कुलदीप भी आईसीसी रैंकिंग में आगे बढ़े

दुबई, 16 अगस्त। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और स्पिनर कुलदीप यादव को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला के अंतिम दो मैच में 77 और नौ रन की पारी खेलने वाले गिल को 43 स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले गिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 30 थी जो उन्होंने इस साल अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ 126 रन की पारी के बाद हासिल की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के चौथे मैच में गिल ने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़े थे जो भारत की ओर से पहले विकेट की संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी थी।

# रवि शास्त्री ने भारत के वनडे मध्यक्रम में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों को रखने की सिफारिश की

चेन्नई, 16 अगस्त। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि एशिया कप और उसके बाद स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए शीर्ष सात बल्लेबाजों में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज रखने से भारतीय टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी। शास्त्री ने कहा कि ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के अलावा भारत बाएं हाथ के दो अन्य बल्लेबाजों को टीम में रख सकता है।

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "बल्लेबाजी क्रम में तीन अन्य स्थान है जहां मुझे लगता है कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों को रखना चाहिए। यहीं पर चयनकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वे खिलाड़ियों पर नजर रखे हुए हैं। वे जानते हैं कि कौन सा खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में है। अगर तिलक वर्मा अच्छी फॉर्म में है तो उसे टीम में जगह दो। अगर आपको लगता है कि (यशस्वी) जायसवाल अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उसे टीम में चुनो।"

दाएं हाथ के दो बल्लेबाजों केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोट से उबरने के बाद 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप में वापसी करने की संभावना है और ऐसे में टीम प्रबंधन के लिए अंतिम एकादश में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों को रखना मुश्किल होगा। शास्त्री ने इसके साथ ही ईशान किशन का भी पक्ष लिया और उम्मीद जताई कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा," यदि आप पिछले छह से आठ महीनों में ईशान किशन को लेकर चल रहे हो और वह विकेटकीपिंग भी करेगा तो हर हालत में टीम में उसकी जगह पक्की होनी चाहिए।

शास्त्री ने कहा, "जडेजा को शामिल करके शीर्ष क्रम के सात बल्लेबाजों में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाज होने चाहिए। ईशान किशन पिछले 15 महीनों से विकेट कीपिंग कर रहा है तो फिर किसी और की तलाश क्यों?" पूर्व भारतीय कप्तान ने तिलक वर्मा की भी तारीफ की जिन्होंने वेस्टइंडीज में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की अच्छी शुरुआत की।

### वीजा रद्द होने के कारण जेना का विश्व चैम्पियनशिप में खेलना मुश्किल

नयी दिल्ली, 16 अगस्त। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित हंगरी दूतावास से विजा रद्द होने के कारण विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय भाला फेंक एथलीट किशोर कुमार जेना की प्रतिभागिता पर सवालिया निशान लग गए हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा,भाला फेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना के लिए झटका, दिल्ली में हंगरी के दूतावास ने अज्ञात कारणों से उनका एक महीने का वीजा रद्द कर दिया है। उनका विश्व चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। ओडिशा से आने वाले जेना को हंगरी के बुडापेस्ट में 19 अगस्त से होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनी गई 28 सदस्यीय भारतीय टीम के लिए चुना गया था। एएफआई ने बताया कि जेना को 27 यूरोपीय देशों से बने शेंगेन क्षेत्र का वीज़ा पिछले महीने दिया गया था और वह 20 अगस्त को बुडापेस्ट जाने वाले थे।



*राजधानी जयपुर में 15 अगस्त को आधा दर्जन से अधिक जगहों पर तिरंगा यात्रायें व रैलियां निकाली गईं। सीकर रोड ढेहर के बालाजी मंदिर से 3100 फीट लंबे तिरंगे के साथ एक किलोमीटर लम्बी विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। महंत हरिशंकरदास वेदांती के सान्निध्य में तिरंगा रैली सियाराम बाबा की बगीची से प्रारम्भ होकर पथ नंबर सात, भौमियां जी का मंदिर, प्रतापनगर चौराहा सहित रोड नंबर दो होते हुए सन एंड मून परिसर पहुंची। इस अवसर पर ढेहर का बालाजी व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल ने कहा कि, इस तिरंगा यात्रा ने जयपुर में एक नया इतिहास रच दिया है। तिरंगा यात्रा के दौरान कई जगहों पर जे.सी.बी पर चढ़कर पुष्प वर्षा भी की गई।*

# 5 मार्च 1966 को मिज़ोरम में राजेश पायलट ने बमबारी की थी, भाजपा आई.टी. सैल का दावा

## सचिन पायलट का जवाब, भाजपा का दावा झूठा, मेरे पिता 29 अक्टूबर 1966 को एयरफोर्स में कमीशन हुए थे

जयपुर, 16 अगस्त (का.प्र.)। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते 5 मार्च 1966 को मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल पर की गई एयरफोर्स की बमबारी के मुद्दे पर उठा विवाद अब राजस्थान तक पहुंच गया है। भाजपा आई.टी. सैल के प्रमुख अमित मालवीय ने आइज़ोल पर 5 मार्च 1966 को की गई बमबारी में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट और कांग्रेस नेता सुरेश कल्माड़ी के शामिल होने का दावा किया।

साथ ही यह भी कहा कि, इसी वजह से उन्हें इंदिरा गांधी ने सांसद बनाया और फिर उन्हें मंत्री पद भी मिला।

- **सचिन पायलट ने अपने जवाब के साथ, राजेश पायलट का वायु सेना में अफसर बनने वाला लैटर ट्वीट किया।**
- **भाजपा आई.टी. सैल की टिप्पणी से गुस्साए पायलट समर्थकों ने अमित मालवीय से माफी मांगने को कहा, दिन भर ''एक्स'' पर ''अमित मालवीय माफी मांगो'' ट्रैन्ड करता रहा।**
- **ज्ञातव्य है कि, अमित मालवीय ने एक्स पर ट्वीट किया था कि, 5 मार्च 1966 को राजेश पायलट व सुरेश कलमाड़ी ने मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल पर बमबारी की। अपने ही देश के लोगों पर बमबारी के एवज़ में इंदिरा गांधी ने दोनों को सांसद बनाया था।**

अमित मालवीय का यह ट्वीट सामने आते ही राजेश पायलट समर्थक गुस्साए नजर आए और ''एक्स'' (पूर्व ट्विटर) पर चलाया गया उनका अभियान, ''अमित मालवीय माफी मांगो'', पूरे समय तक ट्रैंड करता रहा।

इधर, अमित मालवीय का ट्वीट सामने आते ही राजेश पायलट के पुत्र और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने अमित मालवीय को जवाब देते हुए राजेश पायलट के वायुसेना में अफसर बनने की तारीख वाला लेटर ट्वीट किया। इसके बाद राजस्थान में पायलट समर्थकों ने अब ''एक्स'' पर मालवीय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

इस विवाद की शुरुआत उस समय हुई ,जब अमित मालवीय ने ट्वीट किया, जिसका सचिन पायलट ने दो दिन बाद जवाब दिया। अमित मालवीय ने अपने ट्वीट में आइज़ोल बमबारी का जिक्र करते हुए लिखा, ''राजेश पायलट और सुरेश कलमाड़ी भारतीय वायुसेना के उन विमानों को उड़ा रहे थे जिन्होंने 5 मार्च 1966 को मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल पर बम गिराये। बाद में दोनों कांग्रेस के टिकट पर सांसद और सरकार में मंत्री भी बने। साफ है कि, नार्थ ईस्ट में अपने ही लोगों पर हवाई हमला करने वालों को इंदिरा गांधी ने बतौर इनाम राजनीति में जगह दी, सम्मान दिया।

इस ट्वीट का जवाब देते हुए सचिन पायलट ने लिखा कि, ''एयरफोर्स पायलट के तौर पर मेरे स्वर्गीय पिता ने 1971 के भारत पाक युद्ध में पूर्वी पाकिस्तान में बमबारी की थी, 1966 में मिजोरम में नहीं। स्व. राजेश पायलटजी दिनांक 29 अक्टूबर, 1966 को भारतीय वायु सेना में कमीशन हुए थे। यह कहना कि, उन्होंने 5 मार्च 1966 में मिज़ोरम में बमबारी की थी, काल्पनिक है, तथ्यहीन है और पूर्णतया भ्रामक है। हां, 80 के दशक में एक राजनेता के रूप में मिज़ोरम में युद्ध विराम करवाने और स्थाई शांति संधि स्थापित करवाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका ज़रूर निभाई थी।'' सचिन पायलट द्वारा अमित मालवीय को जवाब देने के बाद विवाद और बढ़ गया।

सचिन पायलट के जवाब के तुरंत बाद पायलट समर्थक सक्रिय हो गए और सोशल मीडिया पर ''अमित मालवीय माफी मांगो'' का अभियान चला दिया,जो लगातार ट्रेंड करता रहा। वैसे तो अमित मालवीय के ट्वीट में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल चयन पर भी सवाल उठाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस की ओर से अमित मालवीय के ट्वीट को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं देखी गई।

# ई.डी. की रडार पर सचिवालय के बड़े अधिकारी

## आई.टी. सचिव आनंदी को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया ई.डी. ने

जयपुर, 16 अगस्त (का.प्र.)। मुख्यमंत्री के अधीन आने वाले आई..टी. विभाग के अधिकारी की अलमारी से मिले सवा दो करोड़ रुपए तथा एक किलो सोने के मामले में अब ई.डी. ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। पिछले दिनों ही इस मामले में ए.सी.बी. की गिरफ्त में आए अधिकारी वेद प्रकाश को ई.डी. ने अपनी गिरफ्त में लिया था और उसके बाद इस मामले में अब एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की सचिव आनंदी के नाम का नोटिस आई.टी. आयुक्त इंद्रजीत को दिया है। लेटर देकर आनंदी को ई.डी. ऑफिस बुलाया गया है।

- **योजना भवन में मिले 2.31 करोड़ रू. और एक किलो सोने के मामले के आरोपी वेद प्रकाश ने पूछताछ के दौरान ई.डी. के समक्ष कई खुलासे किए। इन्हीं जानकारियों के आधार पर ई.डी. ने नोटिस जारी किया है।**
- **ई.डी. की एक टीम ने सचिवालय जाकर अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से भी मिलने का प्रयास किया।**
- **बताया जा रहा है कि, ई.डी. ने 9 अगस्त को वेद प्रकाश को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।**
- **कई अधिकारियों को 15 अगस्त को ही ई.डी. के सर्च व पूछताछ नोटिस की जानकारी मिल गई थी, इसलिए कई अधिकारी 16 अगस्त को ऑफिस नहीं आए, तो नोटिस उनके घर भिजवा दिए गए।**

वेद प्रकाश को अपनी कस्टडी में लेने के बाद ई.डी. के तीन अधिकारियों का दल बुधवार को योजना भवन पहुंचा था। ई.डी. टीम को देखते ही विभाग में हलचल मच गई। योजना भवन पहुंचकर ई.डी. अधिकारियों ने आई.टी. सचिव के नाम का नोटिस सर्व कर दिया। इस दौरान ई.डी. ने योजना भवन के कमरा नम्बर 207 में आई.टी. आयुक्त इंद्रजीत से बातचीत की। इससे पहले ई.डी. की एक टीम ने सचिवालय पहुंचकर अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा और आई.टी. सचिव आनंदी से मिलने का प्रयास किया। ई.डी. की टीम जब पहुंची तब दोनों ही अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे।अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, चार दिन के ई.डी. रिमांड के दौरान आई.टी. विभाग के निलंबित जॉइन्ट डायरेक्टर वेद प्रकाश यादव ने पैसे और गोल्ड को लेकर कई जानकारियाँ अधिकारियों को उपलब्ध कराई हैं। इन जानकारियों में गोल्ड कहां से आया, किसने दिया, क्यों दिया, इस बारे में ई.डी. को कई सबूत मिले हैं। ई.डी. को यह भी जानकारी मिली है कि, जिम्मेदार लोग कहां इसका उपयोग करने वाले थे।

कहा जा रहा है कि, वेद प्रकाश की गिरफ्तारी के बाद, 15 अगस्त को ही कई अधिकारियों को ई.डी. के सर्च और नोटिस की जानकारी मिल गई थी। इसके चलते 16 अगस्त को कई अधिकारी ऑफिस नहीं पहुंचे। ऐसे में ई.डी. ने नोटिस उनके घर पर भी भिजवा दिए हैं।

ज्ञातव्य है कि, योजना भवन में एक किलो सोना और 2 करोड़ 30 लाख रुपए वेद प्रकाश की आलमारी में मिलने के मामले में जांच पहले एन्टी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) के पास थी। ए.सी.बी. ने वेद प्रकाश से कुछ दिनों तक पूछताछ की थी। इस पूछताछ में ए.सी.बी. को वेद प्रकाश ने कुछ नहीं बताया था। इसके बाद ए.सी.बी. ने उसे जेल भेज दिया था।

पिछले दिनों जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आने पर ई.डी. ने वेद प्रकाश को 9 अगस्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद ई.डी. ने वेद प्रकाश का चार दिन का रिमांड लिया था। रविवार को रिमांड खत्म होने पर वेद प्रकाश को दोबारा कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया था।

जानकारी के अनुसार वेद प्रकाश से पूछताछ में ई.डी. को कई अहम सबूत हाथ लगे हैं। वेद प्रकाश से मिली इन्ही अहम जानकारियों के बाद अब ई.डी. के रडार पर राजस्थान सरकार के आई.टी. डिपार्टमेंट से जुड़े कई जिम्मेदार अधिकारी भी हैं।

# आप से गठबंधन के मसले पर राहुल गांधी और खड़गे ने की 4 घंटे गहन चर्चा

## बैठक के बाद कांग्रेस की अलका लांबा ने कहा कि यह बैठक, दिल्ली में कांग्रेस को कैसे मजबूत करें, इस विषय पर केन्द्रित थी

नई दिल्ली, 16 अगस्त। लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए कांग्रेस पार्टी ने आज दिल्ली में एक अहम बैठक की। पार्टी ने गठबंधन के लिए दरवाजे खुले रखे हैं। हालांकि कांग्रेस और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के बीच संभावित गठबंधन को लेकर काफी अटकलें हैं। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाग लेने के बाद कहा, ''बैठक चार घंटे तक चली। 40 नेताओं ने भाग लिया और अपनी राय दी। बातचीत दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करने पर केंद्रित थी।''

दिल्ली कांग्रेस का एक वर्ग अभी भी इस बात से खफा है कि कैसे आप अचानक सीन में आई और 2015 के दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का सफाया कर दिया। आप ने 70 में से 67 सीटें जीतीं और भाजपा ने 3 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी, जिससे पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में दिल्ली में पार्टी का 15 साल का शासन समाप्त हो गया था।

- **दिल्ली कांग्रेस का एक वर्ग अभी भी इस बात से खफा है कि, कैसे अचानक आम आदमी पार्टी सीन में आई और 2015 के दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का सफाया कर दिया।**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वायनाड सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली इकाई के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिससे इससे संबंधित कई प्रमुख नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। यह बैठक जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम को कानून के रूप में अधिसूचित किए जाने के मद्देनजर हुई है।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि बैठक ने पार्टी की दिल्ली इकाई में कई प्रमुख नियुक्तियों का रास्ता खोल दिया है। दिल्ली कांग्रेस में कई नियुक्तियां होनी हैं जो लंबे समय से लंबित पड़ी हैं और पिछले कुछ दिनों में इसी तरह की बैठकें हुई थीं। खरगे ने इस मुलाकात को सलाह-मशविरा बताया। बैठक में अजय माकन, हारून यूसुफ, कृष्णा तीरथ और संदीप दीक्षित समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

कांग्रेस ने जून की शुरुआत में गुजरात से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक दीपक बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का प्रभारी नियुक्त किया था। बाबरिया ने तब से राष्ट्रीय राजधानी के सात लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं, और पार्टी प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया और सुझाव एकत्र किए हैं।

एक अन्य नेता ने कहा, लोकसभा चुनावों के साथ-साथ दिल्ली में आप के साथ सीट-बंटवारे समझौते की संभावना के संबंध में, राज्य इकाई के नेता का चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि वे पार्टी को आगे ले जाएंगे, और अपने कैडर को नियंत्रण में रखेंगे। उसके एक साल बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव भी होने हैं।''

आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगले साल राष्ट्रीय चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था के बारे में फिलहाल कुछ भी पता नहीं है।

# शरद पवार से मोदी मंत्रिमण्डल में स्थान दिलाने की पेशकश?

मुंबई, 16 अगस्त (वार्ता)। शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार इतने प्रभावशाली नहीं हैं कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दे सकें।

राउत वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के हवाले से उन मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि अजीत पवार ने शरद पवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह देने की पेशकश की थी।

राउत ने मीडिया से कहा कि शरद पवार ने अजित पवार को बनाया है और राजनीतिक जगत में उनका कद ऊंचा है।

राउत ने कहा, अजित पवार इतने बड़े नेता नहीं हैं कि वह शरद पवार को ऑफर दे सकें।

अजित पवार को शरद पवार साहब ने बनाया, शरद पवार को अजित पवार ने नहीं बनाया। उनका (शरद पवार) कद ऊंचा है।

गौरतलब है कि चव्हाण ने पहले दावा किया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शरद पवार को केंद्रीय कृषि मंत्रालय की पेशकश की थी।

चव्हाण ने बताया कि पुणे में व्यवसायी अतुल चोरडिया के स्वामित्व वाले बंगले पर राकांपा सुप्रीमो और उनके भतीजे अजीत पवार के बीच एक बैठक हुई। यह बैठक कथित तौर पर भाजपा के प्रस्ताव के इर्द-गिर्द घूमती रही।

# कृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर में तोड़-फोड़ पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई

नयी दिल्ली, 16 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जा रहे तोड़फोड़ अभियान पर बुधवार को 10 दिनों तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश के साथ ही केंद्र सरकार और रेलवे को नोटिस भी जारी किया।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एस.वी. एन. भट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता याकूब शाह और अन्य के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने रेलवे अधिकारियों को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद की जाएगी।

शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी सी सेन ने अदालत के समक्ष कहा कि यह कृष्ण जन्मभूमि के पास तोड़फोड़ का मामला है। इसके पहले कई घरों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। उन्होंने अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यह कार्रवाई उस दिन की जिस दिन उत्तर प्रदेश की अदालतें बंद थीं।

याचिका में दावा किया गया कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा तोड़फोड़ अभियान से लगभग 3000 लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ये लोग 1800 के दशक से उन स्थानों पर रह रहे हैं। शाह और अन्य ने दावा किया कि मथुरा सिविल अदालत के समक्ष अपील लंबित रहने के दौरान तोड़फोड़ की कार्रवाई पूरी तरह से अवैध, मनमानी और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।

- **गौरतलब है कि, रेलवे बोर्ड मथुरा-जन्मभूमि और वृंदावन धाम को जोड़ने के लिए नई रेलवे लाइन स्थापित करने जा रहा है, इसी वजह से वहां स्वीकृत रेलवे ट्रैक के लिए तोड़फोड़ की कार्यवाही शुरु की गई है।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे अधिकारियों को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि, इस मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद की जाएगी।**
- **याचिका में दावा किया गया है कि, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा तोड़फोड़ अभियान से लगभग 3000 लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ये लोग 1800 के दशक से इन स्थानों पर रह रहे हैं।**

गौरतलब है कि, रेलवे मथुरा और वृन्दावन के बीच रेल संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए मौजूदा मीटर गेज रेलवे ट्रैक को ब्रॉड-गेज ट्रैक में बदलना चाहती है। इसके लिए उसने मंदिर परिसर के पीछे अतिक्रमण हटाने का फैसला किया। अतिक्रमण की जद में बड़ी संख्या में आवासीय मकान हैं।

गौरतलब है कि, कृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर के संबंध में एक और मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है जिसमें मांग की गई है कि, कृष्ण जन्मभूमि में स्थापित मस्जिद का भी ज्ञानवापी मस्जिद की तरह सर्वे कराया जाये। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थापित यह मस्जिद गैरकानूनी एवं अवैध तरीके से स्थापित है। यह भूमि प्राचीन समय से ही केवल मंदिर को समर्पित है यहां मस्जिद जैसी कोई भी संरचना प्राचीन रूप से स्थापित हो ही नहीं सकती।

## दो प्रमुख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की क्रियान्विति की शुरुआत तो हो ही सकती है। सूत्रों ने आगे कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में छोटी पार्टियों को सीटों का कोटा आवंटित किया जा सकता है, किन्तु भाजपा के खिलाफ मुख्य विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस का चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बहुत उपयोगी होगी। विधिक समाचार वैबसाइट बार एंड बैंच ने कहा कि यह मार्गदर्शिका जजों का अनुचित लैंगिक भाषा काम में लने से रोकने का साधन उपलब्ध करवाएगी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने हैंडबुक जारी करते हुए बताया कि इसका उन लैंगिक रूढ़िबद्ध शब्दो का प्रयोग रोकने में क्या उपयोग है जो विभिन्न फैसलों में नज़र आते हैं। यह हैंडबुक जजों के ऐसे रूढ़िबद्ध शाब्द विधिक भाषा एवं चर्चा में आने से रोकने के लिए जानकारी और अंतर्दृष्टि उपलब्ध करवाएगी।

हैंडबुक में ''ड्यूटी फुल वाइफ'' (आज्ञाकारी पत्नी) की जगह सिर्फ पत्नी शब्द के इस्तेमाल का निर्देश दिया गया है। हैंडबुक में महिलाओं से जुड़ी कुछ आम धारणाओं को भी खारिज किया गया है जैस महिलाएं बेहद भावुक होती है, फैसले नहीं कर पाती, अविवाहित महिला फैसले करने में असमर्थ होती है और सभी महिलाओं को बच्चे चाहिए। छेड़छाड़ और वैश्या जैसे शब्दों पर भी रोक लगाई गई है।

जसुप्रीम कोर्ट की हैंडबुक को निस्संदेह ही भारतीय समाज पर प्रभाव पड़ेगा जो ना केवल महिलाओं के प्रति पक्षपाती है, बल्कि महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार भी नहीं करता है।

## 'सी.ए.जी. की रिपोर्ट में मोदी सरकार के घोटालों का पर्दाफाश हुआ'

नयी दिल्ली, 16 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि कंट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) की रिपोर्ट में जिन महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में घोटालों का पर्दाफाश हुआ है उनसे देश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और परियोजनाओं की साख पर भी सवाल उठे हैं इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को इस बारे में जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत माला परियोजना के तहत करीब 70-75 हजार किमी लम्बी सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके लिए निधि को मंजूरी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल समिति ने दी। इसके बावजूद एक किमी सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई और करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा हुआ है। उनका कहना था कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में 2 किमी सड़क बनाने में जितने रुपए खर्च हुए हैं उतने पैसे में मंगलयान मंगल ग्रह पर पहुंचा जा सकता है।

# दक्षिण भारत में आंध्र में ही...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा के खिलाफ बने नए गठबंधन ''इंडिया'' के सदस्य हैं।

तमिलनाडू में सत्तारूढ़ द्रमुक (डी.एम.के.) और कांग्रेस गठबंधन की स्थिति काफी अच्छी है क्योंकि द्रमुक यहां पर आक्रामक भाजपा को रोकने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठा रही है और कल पिता-पुत्र की आत्महत्या ने एक बार फिर नीट के मुद्दे को उठा दिया है। पुत्र ने नीट से पास नहीं होने के कारण आत्महत्या कर ली तो पिता ने बेटे के दुख में आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री स्टालिन फिर से नीट प्रणाली वापस लेने की मांग करने लगे हैं।

तमिलनाडू के मुख्यमंत्री केन्द्र द्वारा हिंदी थोपे जाने के प्रयासों का विरोध करने का भी कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। और इस बार उन्होंने क्रिमिनल कानूनों की जगह लेने वाले नए कानूनों के नामों पर कड़ी आपत्ति की है। ये दोनों ही तमिलनाडू के लिए बेहद भावनात्मक मुद्दे हैं और द्रमुक का मीडिया अभियान भी बेहद प्रभावी है उसका अपना मीडिया साम्राज्य है।

तेलंगाना में हालात काफी बदल गए हैं। क्योंकि यहां कांग्रेस नव जीवन के पथ पर है भाजपा तथा बी.आर.एस. के कुछ नेता भी कांग्रेस में आ रहे हैं। कब विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के टिकटों की मांग बढ़ती जा रही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा व प्रियंका गांधी की यात्रा के दौरान भारी भीड़ उमड़ी।

हाल ही भाजपा के एक दलित नेता चन्द्रशेखर कांग्रेस में शामिल हो गए उन्होंने भाजपा और बी.आर.एस. में सांठगांठ का आरोप लगाया। चन्द्रशेखर चन्द्रबाबू नायडू की तेलुगुदेशम सरकार में मंत्री थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भविष्य नहीं है क्योंकि लोग इसे और बी.आर.एस. को एक साथ मान रहे हैं।

आंध्र में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की वाय. शर्मीला का अपने पक्ष में कर लिया है। वाय. शर्मिला ने अपनी अलग पार्टी बनाई थी और कहा है कि वे तेलंगाना में अपनी पार्टी कांग्रेस में विलय कर देगी। तेलंगाना में कांग्रेस के बढ़ते कदमों को देखते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुश्किल हो सकती है क्योंकि विधानसभा चुनाव नतीजों का असर लोकसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है।

कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज रणनीतिकार और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को तेलंगाना चुनावों की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गई है, जहां वे कर्नाटक की रणनीति ही काम में लेंगे। मई 2023 में कर्नाटक में शानदार जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस लोकसभा चुनावों में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी जो भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। गत चुनाव में भाजपा ने कर्नाटक की 26 सीटें जीती थी पर इस बार इस संख्या को कायम रख पाना मुश्किल होगा।

एक अन्य प्रमुख दक्षिण भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश में भाजपा का पृथक कोई अस्तित्व नहीं है यह तेलुगुदेशम, जन सेना, (पवन कल्याण) और भाजपा का संयुक्त मोर्चा अवश्य सत्तारूढ़ पार्टी वाय.एस.आर.सी.पी., जो काफी मजबूत है, को थोड़ी बहुत टक्कर दे सकता है फिलहाल जगन मोहन रेड्डी की लोकप्रियता इतनी है कि वे फिर से राज्य में जीत दर्ज कर सकते हैं, यहां तक कि 2019 में नतीजे दोहरा सकते हैं।

## कोटा में एक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परमजीत पटेल ने बताया कि मृतक छात्र वाल्मीकि प्रसाद (18 वर्ष) बिहार के गया जिले से आया था और बीते दो सालों से कोटा में रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था। महावीर नगर थाना क्षेत्र के महावीर नगर थर्ड में मनोज गौतम के मकान में किराए के रूम में रहता था। वाल्मीकि प्रसाद के संबंध में मंगलवार रात 8 बजे के आसपास सूचना मिली कि उसने सुसाइड कर लिया है। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जहां पर छात्र अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला था। छात्र के पिता को इसकी सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

बता दें कि बीते आठ महीनों में 22वां कोचिंग छात्र ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी है। ये सभी 22 छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने कोटा आए थे। थानाधिकारी परमजीत पटेल का कहना है कि वाल्मीकि प्रसाद के पास के रूम में यूपी का एक छात्र रहता है।

# देश के बड़े...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्वाधीनता दिवस भाषण के रूप में उपयुक्त नहीं था। और विशेषकर जब प्रधानमंत्री स्वयं का उल्लेख ''थर्ड पर्सन'' (उत्तम पुरुष) में कर रहे हैं और देश की प्रगति को खुद की ही बता रहे हैं जैसे मोदी की गांरटी, मोदी लड़ रहा है आदि। यह भाषण अतिशयोक्ति टालमटोल और लफ्फाजी का था।

उत्तरी भारत के द ट्रिब्यून ने कहा, ''इस वर्ष का स्वाधीनता दिवस जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बीच आया है जिसकी मेजबानी देश पहली बार कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मैदान में भारत के बढ़ते कद का दो प्रमुख संगठनों की अध्यक्षता से आंका जा रहा है- जी-20 और शंघाई कोऑपरेश ऑर्गेनाइजेशन। सरकार के अनुसार जी-20 की अध्यक्षता की थीम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को व्यापक समर्थन मिला है। लेकिन क्या देश में एक अलिखित थीम चल रही है- एक भारत, एक परिवार, एक भविष्य? मणिपुर और हरियाणा में जल रही हिंसा एवं नफरत को देखते हुए, शायद नहीं।

प्रश्न उठता है कि क्या जो देश विश्व शक्ति और विकसित देश बनना चाहता है वह अपने घर में ऐसी विनाशक आग जलने दे सकता है। विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था माना जाने वाला देश विभाजनकारी और मतभेद वाला सफर जारी नहीं रख सकता। आर्थिक मोर्चे पर तरक्की के लिए शांति और सद्भाव आवश्यक हैं। देश की दो तिहाई जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। ये युवा आधुनिकता को अपनाने और पुराने विचारों को अपनी सामूहिक प्रगति के रास्ते में न आने देने के लिए कटिबद्ध है। भारत की चहुंमुखी प्रगति का आधार 21वीं सदी के युवाओं की शक्ति ही है।

आज आज़ादी का अमृत महोत्सव का औपचारिक समापन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में यह देश के जागरण, अच्छे प्रशासन का सपना सच होने तथा वैश्विक शांति और विकास का पर्व था। अखबार ने कहा कि लेकिन एक वाकई में जागृत और सुशोभित भारत वह होगा जिसमें हर त्योहार भाईचारे से मनाया जाय और बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक शांति और सद्भाव से रहें।

## चंद्रयान चंद्रमा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(इसरो) ने जानकारी दी कि चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक चांद की कक्षा के एक और गोलाकार चरण को पूरा कर लिया है और अब वह चांद के और करीब वाली कक्षा में पहुंच गया है। चंद्रयान-3 अब चांद के चौथे ऑर्बिट में प्रवेश कर गया है। चंद्रयान अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह से सिर्फ 163 किमी दूर है। इसरो ने कहा कि अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हैं। आज चंद्रयान-3 एक और कक्षा लांघ कर चांद के और करीब पहुंच गया। वहीं 17 अगस्त का दिन मिशन के लिए अहम होगा क्योंकि इस दिन चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर से अलग किया जाएगा। इसरो ने ट्वीट किया, आज की सफल फायरिंग के बाद चंद्रयान-3 को 153 किमी गुणा 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

# कोटपुतली में स्वतंत्रता दिवस पर 251 मीटर के तिरंगे के साथ रैली निकाली

■ लोक गायक अमित सैनी रोहतकिया की प्रस्तुतियों पर जमकर थिरके युवा

**कोटपूतली,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव काल में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्बे में देश भक्ति का माहौल देखने को मिला। प्रतिवर्ष की भांति विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष सुगन भाई द्वारा निकाली गई विशाल तिरंगा रैली ने देश भक्ति का समां बांध दिया।

रैली का मुख्य आकर्षण 251 मीटर लम्बा विशाल तिरंगा रहा। जिसे युवाओं ने अपने हाथों से ऊपर उठाकर कस्बे की सडकों से रैली निकाली। रैली को ग्राम मलपुरा स्थित रिवाला धाम के महंत गणेशानन्द महाराज ने कस्बे के डाबला रोड स्थित एक निजी गार्डन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जो मुख्य मार्गों से होती हुई राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय पहुंचकर विसर्जित हुई। राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध हरियाणवी लोक गायक अमित सैनी रोहतकियां ने अपने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। जिस पर युवा कार्यकर्ता घण्टों तक थिरकते रहे। कार्यक्रम संयोजक सुगन भाई ने युवाओं से देश व समाज के कार्यो के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही। संचालन महेन्द्र गुरूजी ने किया। इस दौरान पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, गौ सेवक हेमंत, अंकुश, रमेश, विकास, देवेन्द्र, मनोज स्वामी, बजरंग सैनी, सीताराम, विजय शास्त्री, अशोक सैनी, समस्त गौ सेवक टीम के सदस्य व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



स्वतंत्रता दिवस पर 251 मीटर के तिरंगे के साथ यात्रा निकाली।

**स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया :** दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू पर सरकारी कार्यालय व शिक्षण संस्थाओं पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला कलेक्टर कार्यालय पर जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया। जिला स्तरीय समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कर ध्वजारोहण राज्य शिक्षा मंत्री जाहिदा खान ने किया। अध्यक्षता विधायक बाबूलाल नागर ने समारोह में शहीद मानाराम जाट की पत्नी व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। समारोह में ध्वजारोहण के बाद पुलिस परेड का निरीक्षण किया व सलामी दी गई। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**राष्ट्रगान के साथ झण्डारोहण किया :** फुलेरा, (निसं)। फुलेरा कस्बे में मंगलवार को जगह-जगह पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, विभिन्न संगठन एवं संस्थाओं के कार्यालयों पर राष्ट्रगान के साथ झण्डारोहण किया गया।

कस्बे की नरेना रोड स्थित उपकारागृह पर सांभरलेक तहसीलदार हेमेन्द्र मुण्ड के द्वारा, विधायक निवास पर स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत द्वारा, कांग्रेस कार्यालय पर गोपाल लाल लाखन के द्वारा, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा कार्यालय पर डीआरयूसीसी मैम्बर भरत शर्मा व अशोक वासदेव के द्वारा, व्यापार महासंघ फुलेरा कार्यालय पर वरिष्ठ व्यापारी हीराभाई सदारंगानी के द्वारा झण्डारोहण किया गया। गौरतलब है कि फुलेरा में पहली बार यह देखने को मिला कि व्यापार महासंघ, फुलेरा द्वारा कस्बे के प्रत्येक व्यापारियों को उनके प्रतिष्ठान पर आमंत्रण कार्ड भिजवाकर कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। इसी क्रम में फुलेरा थाने पर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नागरिक भवन परिसर पर, नगर पालिका कार्यालय पर एवं स्कूल खेल मैदान पर भी झण्डारोहण किया गया।

**गांधी पार्क में हुआ मुख्य कार्यक्रम:** राजगढ़, (निसं)। कस्बे के गांधी पार्क में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश की मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। इस समारोह में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने झंडारोहण किया एवं ससस्त्र पुलिस टुकड़ी ने झंडे को सलामी दी। समारोह में सूर्य की तल्खी एवं उमस के कारण आमजन का बैठना दूभर हो गया। कारण अधिकारियों एवं गणमान्य सहित विद्यार्थियों को भी परेशानी हुई। इस अवसर पर सहायक प्रोग्रामर गौरी शंकर शर्मा, एएनएम मीना देवी, कालूराम शारीरिक शिक्षक चुन्नी लाल मीणा सहित तीन दर्जन कार्मिकों, वअन्य को उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थान की ओर से देश भक्ति एवं जोश जज्बे के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी की तालियां बटोरी। इस अवसर पर उप अधीक्षक उदय सिंह मीणा, तहसीलदार जुगिता मीणा, विकास अधिकारी समुद्र सिंह, उपनिदेशक शिक्षा विभाग रामेश्वर दयाल मीणा, नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा, मदनलाल शर्मा,खेमसिंह आर्य, एन एल वर्मा प्रीति शर्मा पार्षद अंजू बाला , सुनीता प्रजापत सहित संस्थाओं के प्रतिनिधि संस्था प्रधान एवं गणमान्य जन ,विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र विजय एवं अंजू मखीजा ने किया।

**तिरंगा रैली निकाली :** चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा कस्बे में 15 अगस्त के अवसर पर विभिन्न राजनेताओं ने तिरंगा रैली निकालकर अपना राजनैतिक व चुनावी दमखम दिखाने का प्रयास किया।

इस दौरान एक ओर जहां भाजपा नेता सीताराम पोसवाल ने उनियारा कस्बे के विभिन्न मार्गों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ एक विशाल तिरंगा रैली निकाली जो खातोली गेट से शुरू होते हुए मुख्य बाजार होकर कामधेनु सर्किल तक निकाली गई। साथ ही इस दौरान भाजपा की इस तिरंगा रैली का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर सहित भाजपा शहर अध्यक्ष नमोनारायण गोतम, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनिका जैन, युवा नेता मौहरसिह सहित कई भाजपा पदाधिकारी वह कार्यकता उपस्थित थे। वही इससे पहले कांग्रेस पार्टी से टिकट की ताल ठोकते हुए डॉ विक्रम सिंह ने भी कस्बे के विभिन्न मार्गो से सैकड़ों वाहनों के साथ तिरंगा रैली निकाली।

## अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ

**दौसा,** (निसं)। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राज्य स्तर, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारंभ एवं विभिन्न जिलों से जुड़े लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत दौसा जिले के लगभग 2 लाख 60 हजार एनएफएसए परिवारों को फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे। इस श्रृंखला में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन सूचना केंद्र के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री ममता भूपेश बैरवा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा लाभार्थियों को निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरित कर योजना का शुभारंभ किया।

अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने बताया कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओ से आमजन को लगातार बढ़ती महँगाई से राहत मिल रही है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की तरफ से कार्यक्रम में पधारे लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फ्लैगशिप योजनाओं के लाभों की जानकारी पात्र वंचित परिवारों तक पहुंचाने की अपील की।

## सार-समाचार

### स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया



**विराटनगर,** (निसं)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में रत्ना कुमारी ने ध्वजारोहण किया एवं तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान रत्ना कुमारी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों को सम्मान देना हर एक भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और महानुभावों ने उन स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों को नमन किया जिनके बलिदानों और संघर्षों ने देश को स्वतंत्रता दिलाई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार, फल एवं मिठाई वितरित की गई और पूरे विद्यालय स्टाफ को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बंशीधर सैनी, गणपत लाल शर्मा, कविता अग्रवाल, कालूराम शर्मा, नूतन सैनी, प्रदीप स्वामी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### नर्सिंग कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया

**मंडावरी,** (निसं)। कस्बे स्थित उप जिला अस्पताल के बाहर प्रांगण में नर्सिंग अधिकारियों एवं नर्सिंग कर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया। नर्सिंग कर्मी चंद्रशेखर शर्मा, पुष्पेंद्र राजावत, भवानी शंकर बैरवा, अभी तेंद्रे परवेज खान आदि नर्सिंग अधिकारियों कर्मियों ने बताया कि उनका संगठन विगत लंबे समय से राज्य सरकार को कई मांगों को लेकर ज्ञापन देता आया है। जिसमें वेतन विसंगति दूर करने के साथ दिल्ली के समान वेतन देने एवं नर्सिंग कैडर का पुनर्गठन करने एएनएम एवं नर्सिंग ट्यूटर का पद नाम परिवर्तन करने व संविदा सेवा से नियमित व नर्सिंग कर्मियों की संविदा कालका नोशनल लाभ दिए जाने एवं उस अवधि के उपार्जित अवकाश दिए जाने व नर्सिंग कर्मियों की प्लेसमेंट एजेंसी से नियुक्ति की रोक लगाए जाने यूटीबी एमआरएस एनएचएम में लगे हुए नर्सेज को वेतनमान न्यूनतम 26 हजार 500 दिए जाने सहित स्वतंत्र नरसिंह विद्यालय की स्थापना और नरसिंह संवर्ग के कमी कार्मिकों की समयबद्ध पदोन्नित सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय लालसोट स्थित राजेश पायलट राजकीय पीजी महाविद्यालय लालसोट के छात्र छात्राओं की 11 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सैनी आजाद के नेतृत्व में कार्यवाहक प्राचार्य किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के नाम ज्ञापन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सैनी आजाद ने बताया कि कॉलेज के छात्रों की मुख्य मांगें राजस्थान में महाविद्यालय के चुनाव के बारे में 12 अगस्त 2023 को आधी रात्रि में छात्र संघ चुनाव सत्र 2023 पर रोक लगाने का अध्यादेश जारी किया है उसे वापस लिया जाए। महाविधालय में एन.सी.सी. खुलवायी जाये व महाविधालय में छात्राओ की सुरक्षा के लिए अस्थाई पुलिस चौकी कि व्यवस्था करवायी जाये। महाविद्यालय में युजी स्तर पर कला संकाय में वर्तमान में संचालित पांच शाखा है इनके अलावा पांच और अतिरिक्त सैक्सन खोले जाये। स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स बनवाने विदेश जाने कि ट्रैनिंग जैसी सुविधाये महाविद्यालय कैम्पस में मिले। महाविद्यालय में चार वर्ष से अधिक समय से प्राचार्य का पद रिक्त चल रहा है। उसे तुरन्त प्रभाव से भरा जाये आदि मांगे थी।

### आजादी का पर्व उत्साह के साथ मनाया

**सांभरझील,** (निसं)। क्षेत्र में आजादी का पर्व हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। सभी सरकारी विभागों में राष्ट्रध्वज फहराया गया। नगर पालिका में कार्यवाहक ईओ गोपाल सिंह पवार, सार्वजनिक नेहरु गार्डन में चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, नगर कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने झंडारोहण किया। मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की ओर से देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अनेक कर्मचारी व अधिकारी स्तर के कार्मिकों को तहसीलदार हरेंद्र मुंड, डिप्टी लक्ष्मी सुथार, थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव की मौजूदगी में पालिका प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# किशनगढ़ बास में नहीं मना उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

■ नवगठित खैरथल जिले के प्रथम जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित हुआ उपखंड स्तरीय समारोह

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। आजादी का 77 वां जश्न देश भर में उल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान प्रदेश में 33 से बढ़कर 50 जिले बनने से आजादी का उत्साह प्रदेश वासियों के लिए और सरकार के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण रहा।

इसी उत्साह का एक हिस्सा बना नवगठित जिला खैरथल तो दूसरी ओर किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय पर हर वर्ष मनाए जाने वाला उपखंड स्तरीय सामूहिक स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित नहीं होने से लोगों में निराशा रही। जिला मुख्यालय खैरथल पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने ध्वजारोहण किया। जिले के प्रथम स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी रहे जिला कलेक्टर खैरथल ओम प्रकाश बैरवा एसपी खैरथल सुरेंद्र सिंह, किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया, तिजारा विधायक संदीप यादव, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, एसडीएम गंगाधर मीणा सहित शहर के गणमान्य लोग। खैरथल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 20 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं 36 वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री शकुंतला रावत विधायक दीपचंद खेरिया विधायक संदीप यादव जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा ने संबोधित किया। राजपाल के संदेश को उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा ने सुनाया।

## स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**पावटा,** (निसं)। 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व उपखण्ड अधिकारी पावटा मूलचंद लुणीया की अध्यक्षता एवं नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव, तहसीलदार अजीत पाल यादव, सहायक अभियंता विद्युत विभाग पावटा कपिल शर्मा, मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा महेश चंद गुप्ता, विकास अधिकारी राकेश कुमार वर्मा, नगरपालिका पावटा प्रागपुरा अध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान पावटा पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

## छात्रों ने देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मंडावरी के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

नगर पालिका स्तर के सभी राजकीय तथा निजी विद्यालय सामूहिक रूप से एक जगह पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लाष से मनाया गया। प्रातःमार्च पास्ट दलों के द्वारा व्याख्याता मुकेश मीणा के निर्देशन में कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए देशभक्ति नारो के जय घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य भगवान सहाय मीणा द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा मोहनलाल माली के निर्देशन में मार्च पास्ट ध्वज सलामी तथा सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोमराज मिरोठा रहे । विभिन्न संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## 20 हजार पाठ्य पुस्तक बांटी

**लालसोट,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भामाशाह प्रहलाद मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को करीब 20 हजार निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। भामाशाह प्रहलाद मीणा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रतिभावान छात्र छात्राओं को और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

## विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने अपने विधायक कोटे से अजीतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथौरा क्षेत्र में करीब एक करोड़ 10 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का बुधवार को शिलान्यास किया।

शेखावत मंगलवार की दोपहर हथौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में विधायक कोटे से करीब 78 लाख की लागत से बनने वाली आठ इंटरलॉकिंग सड़क, करीब 22 लख रुपए की लागत से लगे तीन फेस बोरिंग पाइपलाइन टंकी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हथौरा मैं विधायक कोटे से करीब 2 लाख के लागत से बनने वाले दो कक्षो एवं 10लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक विकास भवन व चार दिवारी का शिलान्यास एवं उद्घाटन करते हुए उपस्थित लोगों से कहा कि उन्होंने हथौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए करीब एक करोड़ से ज्यादा राशि अपने विधायक कोटे से दी है।

## साधारण सभा में गूंजा शिक्षकों की कमी का मामला

**सांभरझील,** (निसं)। पंचायत समिति सांभरलेक की साधारण सभा की बैठक बुधवार को प्रधान सहदेव गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मामला प्रमुखता से उठाया और ब्लॉक अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई।

काचरोदा पंचायत समिति सदस्य नेमीचंद कुमावत ने काचरोदा, सरपंच हरिराम बलाई ने सीतारामपुरा में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट किया। प्रधान ने कहा कि आज विद्यालयों में एक एक शिक्षक है, कई विद्यालयों में तो एक भी शिक्षक नहीं है इससे स्कूलों के ताले लगने की नोबत आ गई है। सिनोदिया सरपंच गिरधारी कुलहरी ने विधालय में खेल मैदान स्वीकृत होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने की शिकायत की। बैठक में सड़क, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। काजीपुरा सरपंच नवतरन कुमावत ने भी सभा में पानी, शिक्षा आदि के मुद्दों पर विचार रखे। त्योद सरपंच हरदेवराम चौधरी ने भी पेयजल को लेकर सवाल जवाब किए। सभा में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को लेकर भी प्रधान सहदेव गुर्जर ने नाराजगी जताई और ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उपखंड अधिकारी को कार्रवाई पत्र लिखने और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बैठक में ब्लॉक विकास अधिकारी भूराराम जाट, सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण रैगर, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सारांश चौधरी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता जग्गाराम वर्मा, शार्दुलपुरा सरपंच चंदालाल निठारवाल, श्रीरामपुरा सरपंच लक्ष्मण वर्मा, कोरसीना सरपंच सीता देवी गुर्जर, पशु चिकित्सक डॉ राजसिंह शेखावत, आकोदा सरपंच पुष्पा देवी मेघवाल, नौरंगपुरा सरपंच श्रवण लाल जांदू, राकेश वर्मा, सरपंच बृजेश्वरी शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वापस लौटे कावड़ियों ने बीसलपुर में जलाभिषेक किया

**मालपुरा,** (निसं)। हिन्दू संस्कृति में पवित्र अधक मास की अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को मालपुरा शहर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाल भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

मालपुरा में पहली बार महिलाओं द्वारा निकाली गई कावड यात्रा व सामूहिक रूप से किए गए शिव जलाभिषेक के वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं 2 दिन पूर्व शिव कावड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में बीसलपुर से कावड़ लेकर मालपुरा की सीमा में आए कावड़ियों को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परंपरागत मार्ग से मालपुरा शहर में प्रवेश की स्वीकृति नहीं देने से गुस्साए कावड़िए मालपुरा की सीमा से बिना जलाभिषेक किए ही कावड़ लेकर वापस बीसलपुर पहुंच गए और बीसलपुर गोकनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

# 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**टोंक,** (निसं)। जिले में स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मंगलवार को पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विपणन, संपदा, पर्यटन और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के पश्चात आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड की टुकड़िया मंच से सलामी देते हुए गुजरी। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत धुनें बजाई। मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन किया।




राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

मुख्य समारोह में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सैनिकों के जीवन पर देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कम्यूनिटी थियेटर के युवा कलाकारों द्वारा मोहन से मसीहा तक लघु नाटक का मंचन किया गया।

मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों के 1100 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा, सीईओ देशलदान, जिला वन मंडल अधिकारी मरीय-ए शाहीन, नगर परिषद सभापति अली अहमद, एएसपी आदर्श चौधरी, डीएसपी सलेह मोहम्मद, एसडीएम कपिल शर्मा, पूर्व निवाई विधायक कमल बैरवा हरिप्रसाद बैरवा, लक्ष्मण गाता, हंसराज गाता, नरेश बंसल, समाजसेवी अकबर खान, पार्षदगण सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर ( राज . )**

E-Mail:-sambharnagarpalika@gmail.com Phone No. 01425-228245

क्रमांक -न.पा.सा./भू.वि./2023/1558 दिनांक-14.8.2023

भीम BhIM

**भूमि नीलामी सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र के नवीन न्यायालयों के पास सांभर- नावां बायपास सड़क मार्ग पर स्थित निकाय की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना, "जागेश्वर विहार" सांभरलेक में स्थित आवासीय /व्यावसायिक भूखण्डों का नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेंगे। जिसकी विस्तृत जानकारी मय मानचित्र कार्य दिवसों में कार्यालय में देखा जा सकता है।उक्त निलामी निर्धारित दिनांक को दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक जरिये आम निलामी से विक्रय किये जायेंगे। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होगें उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्न है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड/दुकान संख्या | नाप क्रमशः (भूखण्ड संख्या अनुसार वर्गगज में) | तादाद | आवासीय/ व्यावसायिक | धरोहर राशि प्रति भूखण्ड/ दुकान | निलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जागेश्वर विहार | S-1 to S-7 | 27.91,21.53, व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग.21.53 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 18.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 42 to 44 | 86.04,86.04 व.ग. 86.52 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 2 | जागेश्वर विहार | S-8 to S-13 | 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 20.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 39 to 41 | 86.04,86.04 व.ग. 86.04 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 3 | जागेश्वर विहार | S-14 to S-19 | 21.53, 21.53, 21.53 व.ग. , 21.53 व.ग.21.53 व.ग., 25.73 व.ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 21.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 35 to 38 | 49.43, 52.49, व.ग. 71.94, 71.94 व.ग. | 04 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 4 | जागेश्वर विहार | S-20 to S-26 | 25.95, 25.95 व.ग. 25.95, 25.95 व.ग. 25.95,21.53 व.ग. 24.71 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 22.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 32 to 34 | 82.51, 62.89 व.ग. 54.51 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 5 | जागेश्वर | 25 to 31 | 129.79, 96.79 व.ग. 96.79, 96.79 व.ग. 96.79, .96.79 व.ग. 152.63 व.ग. | 07 प्लाट | आवासीय | 10000 | 26.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| 6 | जागेश्वर | 18 to 24 | 98.86, 96.79, व.ग. 96.79. 96.79, व.ग. 96.79, 96.79 व.ग. 153.33 व.ग. | 07 प्लाट | आवासीय | 10.000 | 27.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |

1 बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी तिथि से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा।विफल क्रेता हैतो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 दिवस की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2 जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यावसायिक की 5 प्रतिशत व आवासीय की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।
3 डीड लीज शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसके स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।
4 बोली को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता /अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर लेक के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
5 भूमि को मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबन्धों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।
6 उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी
7 सफल बोली दाता 180 दिन में 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा यदि बोली दाता डिमाण्ड नोटिस की तारिख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी
8 यदि निलामी तिथि के दिन कोई भी राजकीय अवकाश होता है तो निलामी उसके अगले दिन की जायेगी।
9 दुकानों की नीलामी बोली पालिका की व्यावसायिक नजूल दर से प्रति वर्गगज के हिसाब से चालू होगी।
10 दुकानों के नक्शे तथा अन्य जानकारी के लिए पालिका मे कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर पालिका, सांभर लेक

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, सांभर लेक

# UNIVERSITY OF ENGINEERING AND MANAGEMENT

IEM | UEM GROUP Jaipur and Kolkata

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, 6 kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur-303807 (Rajasthan)
City Office: 210-212, 2nd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur-302015 | 0141-4063336

9887313330, 9887933330
9887413330, 9887613330

Global Ratings

QS I-GAUGE Employability Diamond | QS I-GAUGE Facilities Diamond | QS I-GAUGE Entrepreneurship Gold | QS I-GAUGE Student Diversity Gold | QS I-GAUGE Teaching & Learning Diamond

INDIA TODAY BEST COLLEGE RANKING SURVEY - 2023 | SHALBY ACADEMY (A Unit of SHALBY LIMITED) | Cambridge Assessment English Authorised Centre | UGC (University under Section 2(f) of the UGC Act) | AICTE APPROVED | AIU MEMBER | NAAC ACCREDITED

**UEM Jaipur is ranked in the Top Position (1st) in North India in 2023, under Institution's Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

## Ph.D Programme

### Admission Notification 2023-24

Applications are invited from candidates who have Masters Degree for admission to Full Time/ Part Time Ph.D Programme in the fields of:

- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering
- Electronics & Communication Engineering
- Mechanical Engineering
- Management
- Physics
- Chemistry
- Mathematics
- Humanities
- English

| | |
|---|---|
| Last Date to Apply: | 31st August, 2023 |
| Entrance Examination: | 20th September, 2023 |

Teaching / Research Assistanchisp of Rs. 30,000/- For Full Time Ph.D Students having 90 % Attendance

## MBA in Hospital & Healthcare Management

### 2 Year Degree Programme

University of Engineering & Management Jaipur

in association with

SHALBY ACADEMY

(Training Partner)

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS

PLACEMENT OPPORTUNITY: SHALBY will provide placements opportunity to meritorious students at it's various Hospitals across India based on available vacancies.

NEWS18 राजस्थान — Awarded for — Outstanding Placement in Engineering & Management - Domestic & International

1st इंडिया NEWS — Awarded for — Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International

INDIA न्यूज़ — Awarded for — Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan

Outlook ICARE TOP COLLEGES OF INDIA Rankings 2023 — Ranked #45 — amongst TOP Private University in all over India

INDIA TODAY BEST COLLEGE RANKING SURVEY - 2023 — Ranked #19 — for BCA - All India Private & Government Colleges

## B.TECH
## M.TECH

Admissions Open 2023-24

Computer Science & Engineering | Electronics & Communication Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Mechanical Engineering
Artificial Intelligence (A.I.) & Machine Learning (M.L.)

## B.TECH Lateral Entry

## MBA Executive
## BBA, MBA
## BCA, MCA
## BPT, MPT

One of the Best Placement Records of the Country - Placement at UEM Jaipur continues till the last willing student is placed

PLACEMENTS: INR 6.5 LPA Average Annual Salary | INR 72 LPA Highest Annual Salary | 1963 + No. of Students | 2894 + No. of Job Offers | 550 + No. of Companies

MORE THAN ₹ 5 CRORES WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS — UNLV | RENNES | GIIM | Brunel University London | RICHARD A. CHAIFETZ SCHOOL OF BUSINESS SAINT LOUIS UNIVERSITY

MORE THAN 8000+ CERTIFICATION FROM FOREIGN UNIVERSITIES — HARVARD BUSINESS SCHOOL | edX | coursera

IEM Group Presence in Canada | USA | Singapore | UAE | Japan | France | Nepal | Bangladesh | India - Kolkata | Delhi, Jaipur, Bangalore, Tripura, Bihar, Jharkhand, Assam

PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2023 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

Admission Helplines:
9887313330, 9887933330
9887413330, 9887613330